




सांध्य दैनिक

# श्रीकंचनपथ

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्र.-छ.ग./ दुर्ग /94/2023-25

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच



बेचना है
मेन्स वियर फर्नीचर
लकड़ी का कैश काउन्टर, लोहे का काउन्टर
पाईप, कांच, टफन ग्लास, तीन कुलर (बड़ा वाला)
इनवर्टर, बैटरी, पानी मशीन, लाईट, टीवी, डमी
संपर्क करें जवाहर मार्केट
फ्रेंड्स कलेक्शन
930144443



वर्ष- 15 अंक - 159 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, शुक्रवार 22 मार्च 2024 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-


## खास-खबर

### छत्तीसगढ़ में साफ हुआ मौसम, 2 से 4 डिग्री बढ़ सकता है पारा

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में मौसम बदल गया है। अब फिर से तापमान में वृद्धि होगी। बीते दिनों की तुलना में अधिकतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई है, लेकिन आगामी पांच दिनों में तापमान बढ़ने की संभावना है। प्रदेश में आ रही नमी हवाओं का असर खत्म हो गया है। सुबह से ही धूप खिली हुई है। मौसम विभाग के अनुसार, प्रदेश में अगले पांच दिनों में अधिकतम तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस बढ़ने की संभावना है। प्रदेश में नमी हवाओं का असर खत्म हो चुका है। आने वाले दिनों में तेज धूप के साथ गर्मी का सामना करना पड़ सकता है। बीते दिनों गुरुवार को प्रदेश कुछ इलाकों में हल्की बारिश हुई। मनोरा, पेंड्रा और धरमजयगढ़ कई जगहों पर हल्की मध्यम बारिश दर्ज की गई।

### छत्तीसगढ़ लोकसभा चुनाव में बसपा की एंट्री, इन दो सीटों पर जारी की पहली सूची

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ लोकसभा चुनाव में अब बसपा की भी एंट्री हो चुकी है। बसपा ने छत्तीसगढ़ के लिए अपनी पहली सूची जारी कर दी है। चुनावी रण में बहुजन समाज पार्टी बीजेपी और कांग्रेस को टक्कर देगी। बसपा ने प्रदेश की दो लोकसभा सीटों पर अपने प्रत्याशियों को चुनावी समर में उतारा है। इसमें जांजगीर-चांपा लोकसभा सीट से रोहित कुमार डहरिया और बस्तर लोकसभा सीट से आयतु राम मांडवी चुनाव लड़ेंगे। ऐसे में अब इन दोनों सीटों पर रोमांचक लड़ाई देखने को मिलेगी। पहले चरण में 19 अप्रैल को बस्तर लोकसभा सीट पर मतदान होगा। इसके बाद तीसरे चरण में 7 मई को जांजगीर-चांपा लोकसभा सीट पर वोटिंग होगी।

# कोरबा में इस बार दिलचस्प हुआ चुनाव

## ■ सरोज 'दीदी' के सामने फीकी पड़ रही ज्योत्सना 'भाभी' की चमक

श्रीकंचनपथ न्यूज़ डेस्क

**रायपुर।** भले ही कोरबा क्षेत्र में महंत परिवार की राजनीतिक पृष्ठभूमि काफी मजबूत हो, लेकिन इस बार इस परिवार को सरोज पाण्डेय के रूप में एक बड़ी और तगड़ी चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। दरअसल, पहले केन्द्रीय मंत्री और बाद में छत्तीसगढ़ सरकार में विधानसभा अध्यक्ष जैसे पदों पर रह चुके दिग्गज कांग्रेस नेता चरणदास महंत और वर्तमान में सांसद रहते हुए ज्योत्सना महंत के वायदे अब भी अधूरे हैं। इन अधूरे वायदों पर सरोज पाण्डेय की बेहतर छवि भारी पड़ रही है। शायद यही वजह है कि कांग्रेस के लिए कोरबा की राह इस बार आसान नहीं मानी जा रही है। सरोज को छत्तीसगढ़ में सम्मानस्वरूप दीदी कहकर सम्बोधित किया जाता है, वहीं ज्योत्सना महंत को चरणदास महंत की वजह से भाभी कहा जाता है। ऐसे में कोरबा के मतदाताओं को दीदी और भाभी के बीच से जीत की राह निकालनी है। चुनाव प्रचार अभियान फिलहाल दिलचस्प नतीजों की ओर बढ़ता दिख रहा है।

छत्तीसगढ़ विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत की पत्नी ज्योत्सना महंत वर्तमान में कोरबा से ही सांसद हैं। उनके पति डॉ. महंत भी कोरबा से सांसद रह चुके हैं। महंत पिछली कांग्रेस सरकार में विधानसभा अध्यक्ष भी रहे हैं। अविभाजित मध्य प्रदेश में वे मंत्री भी रहे तथा दो बार कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार में केंद्रीय राज्यमंत्री भी रहे हैं। राजनीतिक लिहाज से ज्योत्सना महंत का कद किसी तरह से कमजोर नहीं माना जा सकता है। परंतु सरोज पांडे की तुलना में वे वैसी मंजी हुई वाकपटु राजनेता नेता के रूप में पहचान नहीं बना पाई है, जैसी पहचान सरोज पांडेय की है। आठ विधानसभा वाले कोरबा लोकसभा क्षेत्र में मरवाही, पाली तानाखार, भरतपुर सोनहत, मनेन्द्रगढ़, बैकुंठपुर, रामपुर, कोरबा और कटघोरा विधानसभा क्षेत्र महंत परिवार का गढ़ माना जाता है। परंतु सच यह भी है कि केंद्रीय मंत्री रहते हुए डॉ. चरणदास महंत एवं सांसद रहते हुए ज्योत्सना महंत ने क्षेत्र में विकास के जो वादे किए थे, वह अभी तक पूरे नहीं हुए। फिर चाहे वह कृषि विज्ञान केंद्र हो, या उद्यानकी महाविद्यालय। सांसद के रूप में श्रीमती महंत पर निष्क्रियता का भी आरोप लगता रहा है। इन सबके अलावा कांग्रेस के आम कार्यकर्ताओं को भी अपने सांसद से जैसी अपेक्षा थी, वह पूरी होती दिखाई नहीं दी। इस लिहाज से सांसद ज्योत्स्ना महंत को इस लोकसभा चुनाव में काफी राजनीतिक दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। उनकी दिक्कतें इस वक्त और भी बढ़ गई है, क्योंकि उनके सामने भाजपा प्रत्याशी के रूप में दिग्गज नेत्री सरोज पांडेय है। ऐसे में राजनीतिक गलियारों में चर्चाओं का बाजार गर्म होना स्वाभाविक है।

### दीदी और भाभी में कौन किस पर भारी?




गौरतलब है कि कोरबा से भाजपा प्रत्याशी सरोज पांडेय को राजनीतिक कार्यकर्ता और आमजन दीदी कहकर संबोधित करते हैं। वहीं, दूसरी ओर सांसद ज्योत्स्ना महंत अपने लोकसभा क्षेत्र में राजनीतिक कार्यकर्ताओं के बीच भाभी के रूप में प्रचलित हैं। ऐसे में दीदी और भाभी के बीच का मुकाबला चुनावी समर में कैसा होगा? इस पर सबकी नजरें लगी हुई है। जातीय समीकरणों की बात करें तो कोरबा लोकसभा में सबसे ज्यादा अनुसूचित जनजाति वर्ग के 44.5 प्रतिशत मतदाता हैं। इसके बाद अनुसूचित जाति के 9.2 फीसदी, मुस्लिम वोटर्स 3.5 प्रतिशत और बाकी बचे हुए वोटर्स सामान्य वर्ग और ओबीसी कैटेगरी से हैं। इस लोकसभा क्षेत्र में साक्षरता दर 61.16 प्रतिशत है। वर्तमान में इस लोकसभा क्षेत्र में 15 ,99,188 मतदाता हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव में इस सीट से कांग्रेस की ज्योत्सना महंत ने विजय हासिल की थी। उन्हें 5.23 लाख वोट मिले थे, वहीं उनकी निकटतम प्रतिद्वंद्वी भाजपा की ज्योतिनंद दुबे को 4.97 लाख मत मिले थे।

### भाजपा विधायकों का वर्चस्व

कोरबा लोकसभा क्षेत्र के आठ विधानसभा क्षेत्र में से 6 विधानसभा क्षेत्रों पर अभी भाजपा के ही विधायक चुनकर आए हैं। इसलिए यह माना जा रहा है कि कोरबा लोकसभा क्षेत्र में इस बार भाजपा की स्थिति काफी मजबूत है। खासकर सरोज पांडेय जैसी राष्ट्रीय नेत्री के चुनाव मैदान में होने से कोरबा लोकसभा सीट हाई प्रोफाइल बन गई है। लिहाजा, यहां होने वाले मुकाबले पर सबकी नजरें लगी हुई है। वैसे भी सरोज की मौजूदगी से क्षेत्र के कांग्रेसियों में अजीब-सी खामोशी है। दरअसल, कोरबा सीट फतह करने भाजपा ने इस बार सरोज पाण्डेय के रूप में बड़ा दाँव खेला है, जिसकी उम्मीद कांग्रेस के दिग्गज नेताओं को नहीं थी। हालांकि भाजपा ने कांग्रेस से पहले ही अपना प्रत्याशी घोषित कर दिया था, बावजूद इसके महंत परिवार की क्षेत्र में पैठ को देखते हुए पार्टी इस परिवार से बाहर जाकर फैसला नहीं कर पाई। हालांकि माना जा रहा है कि चुनाव में सरोज पाण्डेय कांग्रेस की ज्योत्सना महंत पर भारी पड़ सकती है।

### अब तक हुए हैं सिर्फ 3 चुनाव

कोरबा संसदीय सीट के इतिहास पर चर्चा करें तो यहां परिसीमन के बाद से अब तक महज 3 चुनाव हुए हैं। 2008 के परिसीमन के बाद यह सीट अस्तित्व में आई थी। जबकि इससे पहले यह क्षेत्र जांजगीर सीट का हिस्सा हुआ करता था। परिसीमन पश्चात 2009 के प्रथम लोकसभा चुनाव में यहां से डॉ. चरणदास महंत ने जीत हासिल की थी, जिसके बाद उन्हें केन्द्रीय राज्यमंत्री बनाया गया था। जबकि 2014 के चुनाव में भाजपा के डॉ. बंशीलाल महतो ने विजय हासिल की। उन्होंने क्षेत्र से दूसरी बार चुनाव लड़ रहे डॉ. चरणदास महंत को पराजित किया था। कोरबा क्षेत्र का तीसरा चुनाव 2019 में हुआ था। कांग्रेस पार्टी ने इस चुनाव में डॉ. महंत की पत्नी ज्योत्सना महंत को टिकट दी, जिन्होंने जीत हासिल की थी। इस चुनाव में कांग्रेस ने श्रीमती महंत को रिपीट किया है, जबकि एक-एक सीट को महत्वपूर्ण मानते हुए भाजपा ने यहां से छत्तीसगढ़ का बड़ा चेहरा मानी जाने वाली सुश्री सरोज पाण्डेय को उतारा है। इससे कोरबा का रणक्षेत्र दिलचस्प हो गया है।

# सिर चढ़कर बोलेगा आईपीएल का रोमांच: इन टीमों को लगाना होगा जोर, 10 में से छह टीमें ही जीत पाई है खिताब

**स्पोर्ट्स डेस्क (एजेंसी)।** आईपीएल के 17वें सीजन की शुरुआत होने में अब बस कुछ ही समय शेष रह गया है। इस टूर्नामेंट की शुरुआत गत चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलुरु (आरसीबी) के बीच मुकाबले से होगी।




आईपीएल के रोमांच के लिए क्रिकेट फैंस पूरा साल इंतजार करते हैं, लेकिन उनका यह इंतजार अब बस समाप्त होने को है। आईपीएल रोमांचक मैच के अलावा ओपनिंग सेरेमनी के लिए भी प्रसिद्ध है, जहां हर बार टीवी के सितारे अपना जलवा बिखेरते हैं। इस बार भी आयोजकों ने आईपीएल की रंगारंग शुरुआत की धमाकेदार तैयारियां की है। इसमें बॉलीवुड के खिलाड़ी अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफजैसे अभिनेता अपनी चमक बिखेरते हुए नजर आएंगे।

आईपीएल के 17वें सीजन का आगाज शानदार होने जा रहा है। इसके लिए आयोजकों ने काफी तैयारियां की है जिसमें कई बॉलीवुड अभिनेता और सिंगर अपनी प्रस्तुति से दर्शकों और वहां मौजूद खिलाड़ियों का मन मोह लेंगे। मैच से पहले होने वाला यह रंगारंग कार्यक्रम शाम साढ़े छह बजे से शुरू होगा और करीब आधे घंटे तक चलेगा।

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 17वें संस्करण का धमाल सिर चढ़कर बोलने को तैयार है। दस टीमों के 10 कप्तान लीग का खिताब जीतने के लिए अपने तरकश का हर तीर आजमाकर क्रिकेट प्रेमियों को रोमांच के सागर में गोते लगाने को मजबूर करेंगे। अब तक आईपीएल का खिताब मौजूदा 10 में से छह टीमों ने ही जीता है। देखना यह होगा कि इस बार अब तक खिताब से दूर दिल्ली कैपिटल्स, रॉयल चैलेंजर्स बंगलूरू, पंजाब किंग्स और लखनऊ सुपरजाइंट्स की किस्मत खुलेगी या फिर ट्रॉफी पुराने विजेताओं में से किसी एक के हिस्से आएगी।

### आधे घंटे की देरी से शुरू होगा मैच

आईपीएल का पहला मुकाबला चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम पर खेला जाएगा। यह मुकाबला रात आठ बजे से शुरू होगा। आमतौर पर आईपीएल के मुकाबले शाम साढ़े सात बजे से शुरू होते हैं, लेकिन मैच से पहले ओपनिंग सेरेमनी आयोजित की जाएगी जिस कारण आरसीबी और सीएसके के बीच मुकाबला आधे घंटे की देरी से यानी रात आठ बजे से शुरू होगा। इस मैच का टॉस शाम साढ़े सात बजे होगा।

# इसरो की बड़ी कामयाबी: लॉन्च व्हीकल 'पुष्पक' का सफल परीक्षण, कर सकेंगे दोबारा इस्तेमाल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इसरो को आज बड़ी सफलता मिली है। दरअसल इसरो की रीयूजेबल लॉन्च व्हीकल तकनीक (लॉन्च व्हीकल को दोबारा इस्तेमाल करने की तकनीक) का परीक्षण सफल रहा है। कर्नाटक के चित्रदुर्ग स्थित एयरोनॉटिकल टेस्ट रेंज में शुक्रवार की सुबह करीब 7.10 बजे इसरो का रीयूजेबल लॉन्च व्हीकल पुष्पक सफलतापूर्वक ऑटोमैटिक तरीके से रनवे पर लैंड हुआ। रीयूजेबल लॉन्च व्हीकल की सफल लैंडिंग पर इसरो ने बयान जारी कर बताया कि रीयूजेबल लॉन्च व्हीकल तकनीक के मामले में इसरो ने बड़ी कामयाबी हासिल की है।

इसरो इससे पहले भी दो बार रीयूजेबल लॉन्च व्हीकल की सफल लैंडिंग करा चुका है। बीते साल इसरो ने रीयूजेबल लॉन्च व्हीकल के परीक्षण के दौरान



आरएलवी को वायुसेना के चिनूक हेलीकॉप्टर से करीब साढ़े चार किलोमीटर की ऊंचाई से छोड़ा गया। परीक्षण के दौरान आरएलवी ने सफलतापूर्वक रनवे पर लैंड किया। आरएलवी ने ब्रेक पैराशूट, लैंडिंग गियर ब्रेक और नोज व्हील स्टीयरिंग सिस्टम की मदद से सफल लैंडिंग की। रीयूजेबल लॉन्च व्हीकल की सफल लैंडिंग से इसरो द्वारा विकसित की गई तकनीक जैसे नेवीगेशन, कंट्रोल सिस्टम, लैंडिंग गियर और डिक्लेयरेशन सिस्टम की सफलता पर भी मुहर लग गई है।

### अंतरिक्ष अभियानों की लागत में आएगी कमी

पहले के परीक्षणों के आधार पर इसरो ने इस बार आरएलवी के एयरफ्रेम स्ट्रक्चर और लैंडिंग गियर को पहले की तुलना में और ज्यादा मजबूत बनाया ताकि लॉन्च व्हीकल लैंडिंग के वक्त ज्यादा भार को भी वहन कर सकें। रीयूजेबल लॉन्च व्हीकल पुष्पक मिशन को विक्रम साराभाई स्पेस सेंटर ने लिक्विड प्रोपल्शन सिस्टम सेंटर और इसरो की इर्सियल सिस्टम्स यूनिट के साथ मिलकर पूरा किया गया। साथ ही वायुसेना ने भी इसमें सहयोग किया। रीयूजेबल लॉन्च व्हीकल तकनीक इसरो की सबसे चुनौतीपूर्ण तकनीक में से एक है। इस तकनीक की मदद से इसरो के अंतरिक्ष अभियानों की लागत कम होगी। रीयूजेबल लॉन्च व्हीकल टेस्टिंग फ्लाइट का पहला परीक्षण 23 मई 2016 को श्रीहरिकोटा में किया गया था।

# किसानों के जख्मों पर सरकार का मरहम

## ■ बारिश व ओला प्रभावित किसानों को मुआवजा देगी साय सरकार

श्रीकंचनपथ न्यूज़ डेस्क

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में बीते कुछ दिनों से बेमौसम बरसात और ओलावृष्टि के कारण प्रदेश का किसान बेहद परेशान था। जिनकी परेशानियों को कम करते हुए छत्तीसगढ़ सरकार ने बड़ा ऐलान कर दिया है। प्रदेश की विष्णु देव साय सरकार ने बारिश से हुए किसानों के नुकसान का मुआवजा देने की बात कही है। जिसे लेकर खुद छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मुआवजा देने का ऐलान किया है।



बता दे कि बीते कुछ दिनों से प्रदेश के कई जिलों में तेज बारिश के साथ बर्फ के ओले गिरे हैं। इन बर्फ के ओले ने प्रदेश के किसानों की फसलों को उजाड़ कर रख दिया है। इसके साथ ही वह किसान जो खेतों में सब्जियां बोते हैं उन्हें भारी नुकसान हुआ है। प्रदेश के इन सभी किसानों को राहत देते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मुआवजे का ऐलान किया है। इसके साथ ही प्रदेश के सभी कलेक्टर को निर्देशित करते हुए किसका कितना नुकसान हुआ है उसका मूल्यांकन करवाया जा रहा है।

### सीएम ने कहा मिलेगा जल्द मुआवजा

प्रदेश में ओला गिरने से हुई छति को लेकर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि हमने सभी जिलों के कलेक्टरों को इस बात को लेकर निर्देशित कर दिया है कि अभी जो बरसात हुई है और इस बरसात में जिस तरह से किसानों की फसलों को क्षति हुई है, उसे लेकर सर्वे कराया जा रहा है जो भी सर्वे में रिपोर्ट आएगी उस आधार पर प्रदेश के किसानों को मुआवजा राशि दी जाएगी। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि मैं प्रदेश के सभी किसानों से कहना चाहता हूं कि किसी भी किसान को चिंता करने की जरूरत नहीं है। यह सरकार किसान हितैषी सरकार है, निश्चित रूप से जो भी किसानों का नुकसान हुआ है वह उन्हें दिया जाएगा।

# इन थोथे संकल्पों से क्या होगा?

श्रीकंचनपथ




संकल्प लेना इन दिनों एक फैशन की तरह हो गया है। कोई स्वच्छता का संकल्प ले रहा है, कोई पालीथीन के खिलाफ शपथ ले रहा है तो कोई गौरैया को बचाने का संकल्प ले रहा है। पर इन संकल्पों का कोई नतीजा कहीं दिखाई नहीं दे रहा। लोग सामूहिक रूप से संकल्प लेते हैं। कभी निर्देश के कारण संकल्प लेना पड़ता है तो कहीं दिवस विशेष पर संकल्प लेने की रस्म अदायगी की जाती है। इन संकल्पों को पूरा करने की कोई कोशिश होती दिखाई नहीं देती। समस्या जितनी दिखाई देती है, उससे कहीं बड़ी है। हाल ही में विश्व गौरैया दिवस मनाया गया। शहर में कुछ बच्चों ने कृत्रिम घोंसले बनाकर गौरैया को बचाने का संदेश दिया। साथ ही उन्होंने गौरैया को बचाने का संकल्प भी लिया। गौरैया तो क्या अब अधिकांश शहरों में कौए भी कहीं दिखाई नहीं देते। शेष पक्षियों को तो हम कम ही पहचानते हैं। इसलिए यह कहना मुश्किल है कि और कौन-कौन सी चिड़िया गायब हो गई है या गायब होने के कगार पर है। दरअसल, सभी पशु-पक्षियों का जीवन पर्यावरण से जुड़ा है। पर्यावरण संरक्षण के लिए जिस सोच की आवश्यकता है, वह विलुप्त हो चुकी है। एक-एक इंच जमीन की कीमत लग रही है। पेड़ पौधों का लोप हो रहा है। इसकी वजह से पक्षियों के लिए भोजन तलाशना और मौसम का तापमान बर्दाश्त करना मुश्किल हो रहा है। थोड़ा दाना और थोड़ा पानी रखकर इनके जीवन रक्षा के छोटे-मोटे प्रयास किये जा रहे हैं जिसकी सराहना तो की जा सकती है पर इसका कोई ज्यादा फायदा नहीं होने वाला। एक और संकल्प है प्लास्टिक, विशेष कर सिंगल-यूज प्लास्टिक से पर्यावरण को बचाने का। प्रति वर्ष स्कूल-कालेजों में इसके लिए संकल्प लिया जाता है। पहले यह अभियान प्लास्टिक की सभी वस्तुओं के खिलाफ चलाया गया। कुछ स्कूलों ने प्लास्टिक के टिफिन डब्बे बैन कर दिये। पर पता नहीं किसके दबाव में प्लास्टिक का नाम बदल कर सिंगल यूज प्लास्टिक कर दिया गया। असल बात तो यह थी कि अब बाजार जाने के लिए कोई घर से नहीं निकलता। वह तो लौटते हुए सौदा खरीद लाता है। तब उसके पास थैला नहीं होता और बार-बार थैला खरीदना संभव भी नहीं है। लिहाजा वह सिंगल यूज प्लास्टिक की झिल्ली थैली में सामान खरीदता है। राशन दुकानों में प्रत्येक सामान प्लास्टिक की झिल्ली में ही पैक करके दिया जाता है क्योंकि ये न केवल मजबूत होते हैं बल्कि इन्हें बांधने के लिए अलग से सुतली की जरूरत भी नहीं होती। घर पहुंचने के बाद ये सामान डब्बों में खाली कर लिया जाता है और प्लास्टिक की ये थैलियां सिंगल यूज बन कर रह जाती हैं। लोग इसमें भर कर कचरा फेंकते हैं जिसे गाय और अन्य मवेशी निगल जाते हैं। सबको सबकुछ पता है पर जमाना जिस तेजी से बदला है, उसी तेजी से लोगों की आदतें भी बदली हैं। संकल्प-मात्र से क्या होगा?




## संपादकीय

# कांग्रेस डूबती नाव है, सच कहा साय ने

परिवार हो या पार्टी हो उसके सामने चढ़ाव-उताव तो आते रहते हैं। मुश्किलों का दौर भी आता है। उसका मुकाबला करना पड़ता है। इसमें परिवार के मुखिया व पार्टी नेतृत्व की भूमिका अहम होती है, वही परिवार व पार्टी को बुरे दौर से बाहर निकालता है। भाजपा तो बरसों बुरे दौर से गुजर कर आज सफलता के शिखर पर है तो उसके पीछे उसके नेताओं व कार्यकर्ताओं की अथक मेहनत है,अटूट आशा है कि हमारे दिन भी आएंगे। भाजपा को कांग्रेस ने राजनीतिक रूप से अछूत बनाकर रख दिया था, कोई राजनीतिक दल उसके साथ खड़ा नहीं होता था।कोई उसके साथ चुनाव लड़ना नहीं चाहता था। ऐसा स्थिति से भाजपा निकलकर सफलता के शिखर पर है तो उसकी सराहना की जानी चाहिए और उससे सीखना भी चाहिए कि बुरे दौर में पार्टी को कैसे गहरी निराशा के दौर में एकजुट रखा जाता है।

> बुरे से बुरे दौर में भी कोई भाजपा छोड़कर नही जाता था क्योंकि भाजपा विचारधारा वाली पार्टी है,उसका मिशन है। जो लोग इसमें है वह अपने लिए नहीं है, वह अपने लिए काम नहीं करते हैं, वह पार्टी के लिए काम करते हैं, मिशन के लिए काम करते हैं, सत्ता हो या न हो भाजपा नेता व कार्यकर्ता अपने मिशन के लिए काम करते रहते हैं। खांटी भाजपा नेता तो कभी पार्टी छोड़कर कही जाता नहीं है। यानी जो आरएसएस से आया हुआ है, आरएसएस से संस्कारित है,वह कैसी भी स्थिति हो भाजपा में रहता है। भाजपा के लिए काम करता है।

कांग्रेस कभी सबसे बड़ी पार्टी हुआ करती थी, वहां विचारधारा धीरे-धीरे खत्म हो गई और सत्ता ही परम लक्ष्य रह गया। सत्ता कैसे आदमी ही नहीं पूरी पार्टी को भ्रष्ट व कमजोर कर देती है, इसका अच्छा उदाहरण कांग्रेस है। जिस पार्टी मे भी विचारधारा व देश की जगह सत्ता ही सब कुछ हो जाता है तो उस पार्टी के नेता सत्ता के इतने आदि हो जाते है कि वह सत्ता के बिना रह नहीं सकते है,इसलिए वह जहां सत्ता है वहां चले जाते हैं। हर चुनाव के पहले ऐसा होता है इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं है। कांग्रेस 2014 का चुनाव हारी तो कांग्रेस नेताओं में उम्मीद थी कि अगली बार कांग्रेस सत्ता में आ जाएगी। दूसरा चुनाव हार गई तो बहुत से कांग्रेस नेताओं में निराशा घर कर गई कि अब कांग्रेस सत्ता में नही आ सकती। इसी वजह से 19 से23 के बीच कई बड़े नेताओं ने कांग्रेस को छोड़ दिया। यह सिलसिला चुनाव के पहले तक चलता रहा है। यह सिलसिला टिकट बंटने तक चलता रहेगा जिसकोअपनी पार्टी से टिकट नहीं मिलेगी वह दूसरी जगह टिकट के लिए जाएगा ही।

इसी को देखकर छत्तीसगढ़ के सीएम साय ने कहा है कि कांग्रेस डूबती नाव है। यानी वह पुरानीी व जर्जर हो गई है, पुरानी नाव की समय समय पर मरम्मत नहीं की जाती है तो उसमं छेद हो जाते है। नाव में जब पुरानी हो जाती है,उसमें छेद हो जाते हैं तो उस नाव में कोई रहना नहीं चाहता। सब यह सोचकर यह नाव तो एक दिन डूब जाएगी, नाव छोड़ देते हैं। 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए पीएम मोदी ने ऐसा माहौल बना दिया है कि भाजपा जीत रही है और वह तीसरी बार पीएम बनने जा रहे हैं। कहते हैं तो देश की जनता इसे मान भी रही है क्योंकि पीएम मोदी ने दस साल में काम ही ऐसे किए है तथा अगले पच्चीस साल अच्छा काम करने का वादा कर रहे हैं। इस आधार पर जनता चाहती है कि पीएम मोदी फिर से चुनाव जीतें। देश को विकसित देश बनान के लक्ष्य को प्राप्त करें। हर राज्य में यही माहौल बना हुआ है और भाजपा की राज्य सरकारे भी इस बात का प्रचार कर रही है कि अगला चुनाव तो भाजपा जीत रही है।

इसका एक असर दूसरी दलों के नेताओं व कार्यकर्ताओं पर यह पड़ रहा है वह अपनी पार्टी छोड़कर भाजपा में आ रहे है। कांग्रेस का केंद्रीय नेतृत्व तो इस पलायन को रोक नहीं पा रहा है। राज्य के नेताओं को अपनी असफलता को छिपाने के लिए कहना पड़ रहा है कि लोग कांग्रेस छोड़कर नहीं जा रहे है, उन्हें डराकर भाजपा में शामिल होने को मजबूर किया जा रहा है। नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत ऐसा बयान देकर कांग्रेस से पलायन को रोक नहीं सकते। कांग्रेस से पलायन तो तब तक नहीं रुक सकता जब तक कांग्रेस चुनाव जीतती नहीं है। अभी की स्थित यह है कि कोई कांग्रेस नेता यह कहने की स्थिति में नहीं है कि हम चुना जीत रहे हैं। यह भी कोई बता नहीं पा रहा है कांग्रस कितनी सीटें जीतेगी ऐसे में कोई कांग्रेस में रहे तो किस उम्मीद में रहे।

# सूर्य के अवसान के बाद भी कुछ ग्रह साबुत रहेंगे

नासा की जेडब्ल्यूएसटी अंतरिक्ष दूरबीन ने एक असाधारण खोज की है जिससे सौर मंडल की बहुमूल्य जानकारी प्राप्त हो सकती है। जैसा कि हम जानते हैं, सूर्य लगभग 5 अरब वर्षों में एक लाल दानव में बदल जाएगा और अपने नज़दीकी ग्रहों को निगल जाएगा। लेकिन इस नई खोज से पता चला है कि इस प्रक्रिया के दौरान दूर स्थित ग्रह या तो सौर मंडल में अंदर की ओर खिंच जाएंगे या बाहर फेंक दिए जाएंगे लेकिन वे साबुत बना रह सकते हैं।

पहली बार, खगोलविदों ने कुछ श्वेत वामन तारों के आसपास सौर मंडल जैसी कक्षाओं में ग्रहों की प्रत्यक्ष छवि ली है। ये श्वेत वामन तब अस्तित्व में आते हैं जब सूर्य जैसे तारे पहले लाल दानव के रूप में फैलते हैं और फिर सिकुड़कर अंततः पृथ्वी की साइज़ के रह जाते हैं। वैसे तो ऐसे साबुत ग्रहों के संकेत पहले भी देखे गए हैं। ये ग्रह बाहरी सौर मंडल के बड़े ग्रहों से जैसे होते हैं जो इतने बड़े होते हैं कि अपने मूल तारों के विस्फोट को सहन कर पाएं। श्वेत वामन सूर्य के प्रकाश की केवल 1 प्रतिशत रोशनी उत्सर्जित करते हैं और इस वजह से ये अवलोकन के लिए बढ़िया उम्मीदवार हैं। जेडब्ल्यूएसटी दूरबीन का उपयोग करते हुए, खगोलविदों ने नज़दीक के (लगभग 75 प्रकाश वर्ष दूर के) चार श्वेत वामनों का अध्ययन किया, जिसमें दो पिंड ऐसे दिखे जो ग्रह जैसे लगते हैं। इनमें एक बृहस्पति से 1.3 गुना वज़नी है और शनि की तरह परिक्रमा करता है जबकि दूसरा, बृहस्पति से 2.5 गुना वज़नी है और नेपच्यून की तुलना में थोड़ी बड़ी कक्षा में परिक्रमा करता दिखा।

स्पेस टेलीस्कोप साइंस इंस्टीट्यूट की खगोलशास्त्री सूज़न मुलाली का विचार है कि यह एक वास्तविक संकेत है कि बृहस्पति और शनि जैसे ग्रह अपने सूर्य के श्वेत वामन में परिवर्तित होने के बाद भी अपने वजूद को बनाए रखे हैं। हालांकि, शोधकर्ता इस बारे में और अधिक अवलोकन पर ज़ोर देते हैं ताकि यह स्पष्ट हो सके कि ये ग्रह ही हैं, पृष्ठभूमि की कोई अन्य आकाशगंगा नहीं। अलबत्ता शोधकर्ताओं के अनुसार गलत व्याख्या की संभावना 0.03 प्रतिशत ही है। इस खोज के धरातल पर वैज्ञानिक ऐसे ग्रहों का एक समूह बनाने में सक्षम हो जाएंगे जो हमारे सौर मंडल के शनि और बृहस्पति जैसे दिखते हैं। चूंकि ऐसे ग्रह अपने श्वेत वामन तारों की तुलना में काफी चमकीले होते हैं, इसलिए उनके वायुमंडल का अध्ययन करना तथा सौर मंडल के विशाल ग्रहों से उनकी समानता या अंतर को समझना अपेक्षाकृत आसान होना चाहिए। यह खोज न केवल मरणासन्न तारों के आसपास ग्रहों के लचीलेपन की एक झलक पेश करती है, बल्कि ग्रह प्रणालियों के बारे में हमारी समझ का विस्तार करने के लिए एक समृद्ध अवसर भी प्रदान करती है।

> गृहमंत्री अमित शाह द्वारा लोक सभा चुनाव के पूर्व नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) को लागू करने के बयान के बाद तो केवल तिथि की प्रतीक्षा थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसे लागू करके सभी कयासबाजी पर विराम लगा दिया।

# सीएए का विरोध है औचित्यहीन

अवधेश कुमार




इस मामले में विरोधियों की प्रतिक्रियाएं वही हैं जैसी संसद में पारित होने के पूर्व से लेकर लंबे समय बाद तक रही है। यह प्रश्न उठाया जा रहा है कि आखिर ऐन चुनाव के पूर्व ही इसे लागू करने की क्या आवश्यकता थी? अगर लागू नहीं किया जाता तो चुनाव में विरोधी यही प्रश्न उठाते कि इसे लागू क्यों नहीं कर रहे?

कानून पारित होने के बाद नियम तैयार करने के लिए गृह मंत्रालय को सात बार विस्तार दिया गया था। नियम बनाने में देरी के कई कारण रहे। कानून पारित होने के बाद से ही देश कोरोना संकट में फंस गया और प्राथमिकताएं दूसरी हो गई। दूसरे, इसके विरु द्ध हुए प्रदर्शनों ने भी समस्याएं पैदा की। अनेक जगह प्रदर्शन हिंसक हुए, लोगों की मौत हुई और दिल्ली में सांप्रदायिक दंगे तक हुए। तीसरे, विदेशी एजेंसियों और संस्थाओं की भी इसमें भूमिका हो गई। चौथे, सर्वोच्च अदालत में इसके विरु द्ध याचिकाएं दायर हुई। इन सबसे निपटने तथा भविष्य में लागू करने पर उनकी पूनरावृत्ति नहीं हो इसकी व्यवस्था करने में समय लगना ही था। मूल बात यह नहीं है कि इसे अब क्यों लागू किया गया। मूल यह है कि इसका क्रियान्वयन आवश्यक है या नहीं और जिन आधारों पर विरोध किया जा रहा है क्या वे सही है?

यह बताने की आवश्यकता नहीं कि कानून उन हिन्दुओं, सिख, बौद्ध, जैन, पारसियों और ईसाइयों के लिए है, जो 31 दिसम्बर, 2014 को या उससे पहले पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश से धार्मिक उत्पीड़न के कारण पलायन कर भारत आने को विवश हुए थे। यानी यह कानून इनके अलावा किसी पर लागू होता ही नहीं। नागरिकता कानून, 1955 के अनुसार अवैध प्रवासियों को या तो जेल में रखा जा सकता है या वापस उनके देश भेजा जा सकता है। नरेन्द्र मोदी सरकार ने इनमें संशोधन करके अफगानिस्तान, बांग्लादेश और पाकिस्तान से आए हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई को वीजा अवधि खत्म होने के बाद भी भारत में रु कने तथा कहीं भी आने-जाने की छूट दे? दी थी तो विशेष प्रावधान के द्वारा आधार कार्ड, पैन कार्ड, बैंक में खाता खुलवाने, अपना व्यवसाय करने या जमीन तक खरीदने की अनुमति दी गई।

इस तरह उन्हें भारत द्वारा अपनाने की प्रक्रिया आरंभ हो चुकी थी। निस्संदेह, इस कानून के बाद उत्पीड़ित वर्ग भारत आना चाहेंगे। पर इस समय जनवरी 2019 की संयुक्त संसदीय समिति की रिपोर्ट के अनुसार इनकी कुल संख्या 31, 313 है। ये सब भारत में वर्षो से रह रहे हैं। आज विरोध करने वाले विपक्षी दलों के दोहरे आचरण के कुछ उदाहरण देखिए। एक, राज्य सभा में 18 दिसम्बर, 2003 को मनमोहन सिंह ने कहा था, 'विभाजन के बाद बांग्लादेश जैसे देशों से बहुत सारे लोग भारत आए थे। यह हमारा नैतिक दायित्व है कि अगर परिस्थितियां इन दुर्भाग्यशाली लोगों को भारत में शरण लेने के लिए बाध्य करें तो हमारा रवैया इनके प्रति और अधिक उदार होना चाहिए।' दो, 4 फरवरी, 2012 को माकपा के महाधिवेशन ने बाजाब्ता पूर्वी पाकिस्तान या बांग्लादेश से आए हिन्दू-सिख-बौद्धों को नागरिकता दिए जाने का प्रस्ताव पारित किया था।

तीन, 3 जून, 2012 को माकपा नेता प्रकाश करात ने प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को पत्र लिखकर बांग्लादेश से आए लोगों को मानवाधिकार के चलते नागरिकता देने की मांग की थी। चार, पश्चिम बंगाल में इस कानून को लागू न करने का विधानसभा में प्रस्ताव पारित करने वाली ममता बनर्जी ने 4 अगस्त, 2005 को लोक सभा में यह मामला उठाते हुए हिन्दुओं को नागरिकता देने की मांग की थी। यह विषय आजादी के समय से ही चला रहा है। महात्मा गांधी ने 26 सितम्बर ,1947 को प्रार्थना सभा में कहा था कि हिन्दू और सिख वहां नहीं रहना चाहते तो वे भारत आएं। भारत का दायित्व है कि उन्हें यहां केवल रहने ही नहीं दे, उनके लिए रोजगार सहित अन्य व्यवस्था करें। डॉ. बाबा साहब अंबेडकर के राईटिंग्स एंड स्पीचेज के 17 वें वॉल्यूम के पृष्ठ संख्या 366 से 369 तक में विचार लिखे हैं। बाबा साहब ने 18 दिसम्बर, 1947 को प्रधानमंत्री पं. नेहरू पत्र लिखकर अनुरोध किया कि पाकिस्तान सरकार से कहें कि अनुसूचित जातियों के आने के रास्ते बाधा खड़ी न करे।

नेहरू जी ने 25 दिसम्बर, 1947 जवाब में लिखा कि हम अपनी ओर से जितना हो सकता है पाकिस्तान से अनुसूचित जातियों को निकालने की पूरी कोशिश कर रहे हैं।

स्वयं को अंबेडकरवादी कहने वाले अगर इस कानून का अभी भी विरोध कर रहे हैं तो इससे अनैतिक आचरण कुछ नहीं हो सकता। नागरिकता संशोधन कानून बाबा साहब अंबेडकर के विचारों को साकार करने वाला है। वास्तव में यह मानवता की रक्षा के लिए बना प्रगतिशील कानून है। भारत विभाजन के बाद तीनों देशों से उम्मीद की गई थी कि वे अपने यहां अल्पसंख्यकों को पूरी सुरक्षा प्रदान करेंगे। विभाजन के समय अल्पसंख्यकों की संख्या पाकिस्तान में 22 प्रतिशत के आसपास थी जो आज दो प्रतिशत भी नहीं है। बांग्लादेश की 28 प्रतिशत हिन्दू आबादी 8 प्रतिशत के आसपास रह गई है। अफगानिस्तान में तो बताना ही मुश्किल है। वे या मुसलमान बना दिए गए, मार दिए गए या फिर भाग गए। आज के बांग्लादेश और तब के पूर्वी पाकिस्तान सहित पूरे पाकिस्तान में गैर मुस्लिम अल्पसंख्यकों पर उत्पीड़न की घटनाओं के बीच 8 अक्टूबर, 1950 को नई दिल्ली में नेहरू लियाकत समझौता हुआ। इसमें दोनों देशों ने अपने यहां अल्पसंख्यकों के संरक्षण, जबरन धर्म परिवर्तन न होने देने सहित अनेक वचन दिए।

भारत ने आज तक इसका शब्दशः पालन किया है जबकि पाकिस्तान और बांग्लादेश ने इसके विपरीत आचरण किया। यही कारण है कि आज भारत में उस समय के 9.7 प्रतिशत मुसलमान की संख्या 15 फीसद के आसपास हो गई और उन देशों में घटती चली गई। जब अपने धर्म का पालन करते हुए निर्भय होकर सुरक्षित जीने तक की स्थिति नहीं है तो क्या उनको इन देशों के मजहबी कट्टरपंथी व्यवस्था के हवाले ही छोड़ दिया जाए? वास्तव में नागरिकता संशोधन कानून के क्रियान्वयन के साथ दशकों से उत्पीड़ित शर्णार्थियों को राहत की सांस लेने और सम्मानजनक जीवन जीने का अवसर मिलेगा। इनकी सांस्कृतिक, सामाजिक भाषायी सभी प्रकार के पहचाने की रक्षा हो सकेगी।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

# जनसंख्या नियंत्रण : सख्ती भी सहमति भी

> स्वातंत्र्योत्तर भारत की सरकार ने आम जन को जब पहली बार 'परिवार नियोजन' शब्द से परिचित कराया, तब अनेक लोगों का कहना था कि क्या अब यह भी सरकार बताएगी कि बच्चे कितने पैदा करने हैं! तब से आज तक सरकार द्वारा परिवार नियोजन संबंधी अनेक पहल की जा चुकी हैं, लेकिन उच्चतम न्यायालय के हाल ही के एक ऐतिहासिक निर्णय से यह मुद्दा एक बार फिर से सार्वजनिक बहसों में जीवित हो उठा है।

डॉ. धर्मेंद्र प्रताप सिंह

12 अक्टूबर, 2022 के राजस्थान उच्च न्यायालय के फैसले को बरकरार रखते हुए राजस्थान सरकार के सरकारी नौकरी के लिए दो बच्चों के नियम पर मुहर लगाते हुए उच्चतम न्यायालय ने अपने आदेश में कहा है, 'राजस्थान पुलिस अधीनस्थ सेवा नियम, 1989 का नियम 24(4) गैर-भेदभावपूर्ण है, और संविधान का उल्लंघन नहीं करता। यह संविधान के दायरे से बाहर है, क्योंकि प्रावधान के पीछे का उद्देश्य परिवार नियोजन को बढ़ावा देना है। राजस्थान सरकार का नियम नीति के दायरे में आता है। अतः इसमें हस्तक्षेप की कोई जरूरत नहीं है।' इसका अर्थ हुआ कि राजस्थान सरकार का यह कानून अब पूर्णतः स्थापित हो चुका है, जिसके अनुसार राजस्थान में अब दो से ज्यादा बच्चों वाले लोग सरकारी नौकरियां नहीं कर सकेंगे।

उच्चतम न्यायालय का यह फैसला न केवल सकारात्मक है, बल्कि सामाजिक समानता और न्याय को प्रोत्साहित करता हुआ विकसित भारत के निर्माण में परिवार नियोजन की महत्त्वपूर्ण भूमिका को भी रेखांकित करता है। वस्तुतः ऐसा नियम बनाने वाला राजस्थान पहला राज्य नहीं है। अन्य कई राज्यों में ऐसी नीतियां पहले से ही लागू हैं। मध्य प्रदेश में 2001 से सिविल सेवा (जनरल कंडिशन ऑफ सर्विसेज) लागू है। तेलंगाना पंचायत राज अधिनियम का सेक्शन 19(3), 156(2), 184(2) दो से अधिक बच्चों वाले व्यक्ति को चुनाव लड़ने से अयोग्य घोषित करता है। आंध्र प्रदेश पंचायत राज अधिनियम, 1994 में भी यही धाराएं लागू हैं। 2005 के गुजरात सरकार के लोकल अथॉरिटीज एक्ट के संशोधन केअनुसार दो से अधिक बच्चों वाले व्यक्ति पंचायतों, नगर पालिकाओं और नगर निगमों के चुनाव नहीं लड़ सकते। उत्तराखंड सरकार ने दो से अधिक बच्चों वाले लोगों को पंचायत चुनाव लड़ने से रोकने का फैसला किया था। महाराष्ट्र जिला परिषद और पंचायत समिति अधिनियम उन लोगों को स्थानीय निकाय चुनाव लड़ने से अयोग्य घोषित करते हैं, जिनके दो से अधिक बच्चे हैं। हरियाणा के पंचायत चुनाव में भी ऐसे ही नियम लागू हैं।




जनसंख्या नियंत्रण के सकारात्मक और नकारात्मक पहलुओं पर खूब विमर्श होते रहे हैं। जनसंख्या की बात होते ही भारत की तुलना चीन से की जाने लगती है। इसका एक कारण तो यह हो सकता है कि 1970 के दशक में भारत में जब परिवार कार्यक्रम शुरू हुआ तो उसी के आसपास 1979 में चीन ने भी दो बच्चों की नीति को लागू कर दिया था, लेकिन भारत में यह संकल्प बार-बार दुहराया जाता रहा है कि जनसंख्या नियंत्रण के लिए भारत को चीन जैसी कठोर नीति बनाने की आवश्यकता नहीं है। यह ठीक है कि सत्तर और अस्सी के दशक में दुनिया के ये दो बड़े देश जनसंख्या नियंत्रण की ओर बढ़ रहे थे लेकिन यह भी सच है कि क्षेत्रफल की दृष्टि से चीन भारत से सवा तीन गुना से भी ज्यादा बड़ा देश है। भारत का जनसंख्या घनत्व भी चीन से बहुत अधिक है। चीन में जहां बहुसंख्यक आबादी आज वयस्क हो चुकी है वहीं भारत आज युवाओं का देश है।

गैर-बराबरी के ऐसे अनेक बिंदुओं के कारण भारत और चीन के जनसंख्या नियंत्रण कार्यक्रमों के सूत्र या प्रतिमान एक जैसे नहीं हो सकते। पिछले कोई दो दशकों में भारत की आबदी लगभग चालीस फीसद बढ़ी है। वर्तमान भारत में लगभग ढाई करोड़ लोगों का हर साल जन्म होता है और नब्बे लाख लोगों की मृत्यु होती है यानी भारत की वार्षिक औसत जनसंख्या वृद्धि डेढ़ करोड़ के बीच होनी चाहिए लेकिन वास्तविकता इससे अलग है। धीरे-धीरे बढ़ता जनसंख्या का यह असंतुलन भारत के लिए समस्या बनता जा रहा है। इसके समाधान स्वरूप परिवार नियोजन को कुछ दशक के लिए लागू करने की बात प्रमुखता से उठाई जाती है। समय रहते ऐसा नहीं किया गया तो जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में मांग और आपूर्ति का संतुलन बिगड़ेगा और संसाधनों के अनुरूप आबादी के आधिक्य से संसाधनों पर अतिरिक्त बोझ बढ़ता जाएगा। ऐसे में सरकारी नौकरियों में दो बच्चों का नियम नीतिगत एवं सामाजिक स्तर पर बड़ा संदेश देने की जरूरी कोशिश प्रतीत होता है।

इस प्रकार के विषयों पर सामान्यतः विभिन्न समुदायों के बीच असहमति होती है। कुछ लोग इसे व्यक्तिगत स्वतंत्रता का उल्लंघन कहते हैं जबकि कुछ इसे सामाजिक समानता और आर्थिक प्रगति के लिए आवश्यक मानते हैं। यह भी सच है कि कोई भी समाज जैसे-जैसे साक्षर होता जाएगा, परिवार नियोजन जैसी बातें सहजता से स्व-नियमन का हिस्सा बनती जाएंगी। परिवार नियोजन या जनसंख्या नियंत्रण की प्रक्रिया किसी समाज की सामाजिक-आर्थिक प्रगति का मजबूत आधार बन सकती है। इससे सामाजिक समानता, गुणवत्तापूर्ण जीवन-शैली और आर्थिक समृद्धि का द्वार खुलता है। जनसंख्या नियोजन के परिणाम स्वरूप समाज में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच में व्यापक सुधार की संभावना दिखाई पड़ती है।

मातृत्व स्वास्थ्य, बच्चों की मृत्यु दर और अन्य स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता में सुधार की गुंजाइश बढ़ती है। इसके माध्यम से परिवारों के आर्थिक-सामाजिक दबाव को कम किया जा सकता है, जिससे उनकी साक्षरता सहित शिक्षा के स्तर में सुधार हो। जनसंख्या नियोजन से महिलाओं को निर्णायक फैसलों का अधिक नियंत्रण मिलता है और उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार होता है। इससे बच्चों समेत परिवार की आर्थिक स्थिति में सुधार दिखाई पड़ेगा क्योंकि यह उन्हें अपने संसाधनों का उचित उपयोग करने में मदद करता है। जनसंख्या नियोजन से लघु पारिवारिकता बढ़ती है, जो जलवायु परिवर्तन और पर्यावरणीय संतुलन को सुधारने में मदद कर सकती है। इससे वन्य जीवन को संरक्षित किया जा सकता है, और प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग संतुलित रूप से हो सकता है। ऐसा करके ही संसाधनों एवं संभावनाओं से परिपूर्ण भारत 2047 तक विकसित राष्ट्र के अपने सपने को साकार करने की दिशा में तेजी से आग बढ़ सकेगा।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

# आईपीएल के रास्ते ट्वंटी-20 विश्व कप की तैयारी

फटाफट क्रिकेट के लिहाज से यह साल काफी अहम है। महज एक सप्ताह पहले वुमेन्स प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) का सफल समापन हुआ है, और आज (22 मार्च) से आईपीएल का आगाज हो रहा है, जो करीब दो महीनों तक चलेगा। इसके बाद जून में पुरुषों का ट्वंटी-20 विश्व कप खेला जाएगा और यह पहली बार होगा, जब अमेरिका में इसका आयोजन हो रहा है। फिर, महिलाओं के ट्वंटी-20 विश्व कप की बारी आएगी, जो सितंबर-अक्तूबर में पड़ोसी देश बांग्लादेश में होगा। इससे समझा जा सकता है कि फटाफट क्रिकेट किस तरह से अपनी जगह बनाते जा रहा है। हालांकि अपने देश में आईपीएल और डब्ल्यूपीएल जैसे आयोजनों ने क्रिकेट ही नहीं, तमाम अन्य खेलों का इको-सिस्टम भी बदल दिया है। इन लीग क्रिकेट के आने के बाद अन्य खेलों के लीग भी होने लगे हैं। मसलन, हॉकी लीग दोबारा शुरू होने जा रहा है, बैडमिंटन लीग को फिर से शुरू करने का प्रयास तेज हो गया है, कबड्डी लीग एक सफल आयोजन बन चुका है, फुटबॉल का इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) दर्शकों को लुभाने में पूरी तरह सफल रहा है, यानी लीग टूर्नामेंट से भारतीय खेलों का पूरा मानचित्र ही बदल गया है।



इन सबमें आईपीएल सबसे खास इसलिए भी है, क्योंकि यह कमाई के मामले में भी एक बड़ा आयोजन है। कोविड के दौरान भी इसने खूब पैसे बटोरे। माना यही जाता है कि किसी अन्य पेशे से अधिक रुपये आईपीएल में खिलाड़ी कमाते हैं। इसमें खेलने के लिए भारतीय टीम का हिस्सा होना अनिवार्य शर्त नहीं है। यदि कोई खिलाड़ी स्थानीय स्तर पर भी अच्छा प्रदर्शन कर रहा हो, तो उसे इसमें अपने हाथ आजमाने का मौका मिल जाता है। सिर्फ एक आईपीएल किसी खिलाड़ी का जीवन बना सकता है। यहां तक कि ब्रॉडकास्टर, टेक्नीशियन, कैमरापर्सन, ग्राफिक्स बनाने वाले, डिजिटल टीम के सदस्य, सभी की झोलियां यह आयोजन भर देता है। आईपीएल अब कितना बड़ा ब्रांड बन चुका है, इसका एहसास इससे भी होता है कि देश में आम चुनाव का बिगुल बज चुका है, लेकिन इसके कार्यक्रमों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। उम्मीद है कि चुनाव-प्रक्रिया के आगे बढ़ने के साथ-साथ आईपीएल मुकाबलों की गरमी भी तेज होती जाएगी।

कुछ ऐसी ही उपलब्धि डब्ल्यूपीएल के खाते में भी आ रही है। इसने देश में महिला खेल का पूरा परिदृश्य बदल दिया है। क्या कोई यह अंदाज लगा सकता है कि श्रेयंका पाटिल और एलिस पेरी की जोड़ी इतनी असरदार साबित होगी? यही वजह है कि बांग्लादेश में जब हमारी महिला टीम मैदान में उतरेगी, तो उसके उम्मीद से कहीं बेहतर प्रदर्शन की संभावना जताई जा रही है। हमारे पास अब अच्छे खिलाड़ियों के साथ खेलने का अनुभव है। हम में विदेशी खिलाड़ियों का कोई खौफ नहीं रहा। डब्ल्यूपीएल की विजेता रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की कप्तान स्मृति मंधाना में तो अब टीम इंडिया के कप्तान के गुण भी देखे जा रहे हैं। हो सकता है कि इससे मौजूदा कप्तान हरमनप्रीत कौर अपने ऊपर दबाव महसूस कर रही होंगी। मगर मैं इसे स्वस्थ मुकाबला मानता हूं, और ऐसा अन्य खेलों में होना चाहिए।


बहरहाल, आईपीएल खत्म होने के करीब दो हफ्ते बाद ट्वंटी-20 विश्व कप की शुरुआत हो रही है और हमारी कोशिश इस खिताब को जीतकर पिछले 11 साल के सूखे को खत्म करने की होगी। हमारी सबसे प्रमुख रणनीति यही होगी कि हमारा कोई बड़ा खिलाड़ी चोटिल न हो। हम नहीं चाहेंगे कि फिटनेस के मोर्चे पर हम अमेरिका में जूझते रहें। हालांकि, मोहम्मद शमी अभी अपनी चोट से उबर नहीं पाए हैं, इसलिए वह विश्व कप टीम का हिस्सा नहीं होंगे, जो हमारे लिए चिंता का सबब है। मगर सवाल यह भी है कि विकेटकीपर की भूमिका में कौन होगा? क्या ऋषभ पंत अपनी जगह पर लौट आएंगे? क्या केएल राहुल विकेट लेने में कामयाब रहेंगे? क्या ध्रुव जुरेल पिछले प्रदर्शनों को बरकरार रख पाएंगे? क्या ईशान किशन 'कम बैक' कर सकेंगे? चूंकि टीम इंडिया में कुछ जगह शेष है, इसलिए आईपीएल में इन खिलाड़ियों का उम्दा प्रदर्शन इन्हें टीम इंडिया के और करीब ला सकता है। कुल मिलाकर, एक बेहतरीन टूर्नामेंट की शुरुआत आज से हो रही है।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान
विज्ञापन के लिए संपर्क करे:-
9827806026,
7869620239

Sargam
Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair

DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी
पहले बाद में

JITU'Z
CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बेंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)


प्रिंट और डीजिटल मीडिया में
सभी प्रकार के विज्ञापन
के लिए
संपर्क करे
Mob.-:
9303289950
7987166110



# श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़



इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com
WWW.ONLYTDS.COM




## खास खबर

### बच्चों को रोचक ढंग से अध्ययन कराते हुए समझ विकसित करें - कलेक्टर डॉ सिंह



**रायपुर।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह, पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह स्कूली बच्चों के बीच पहुंचे और उन से बातचीत की और कुछ प्रश्नोत्तरी भी किया। यह मौका था मतदान केंद्र के निरीक्षण के दौरान। जब कलेक्टर, एसएसपी ने मंदिरहसौद में स्थित स्वामी आत्मानंद मातृसदन उच्चतर माध्यमिक शाला में बच्चों को पढ़ता देख स्वयं कक्षा में पहुंचे। उन्होंने उपस्थित शिक्षिका और बच्चों से विषय के बारे में पूछा। बच्चे सोशल स्टडी में ज्योतिबा फूले का पाठ पढ़ रहे थे। तब कलेक्टर, एसएसपी ने बच्चों से ज्योतिबा फूले के बारे में प्रश्न पूछा और कुछ अतिरिक्त जानकारी भी साझा की। इसके बाद कलेक्टर डॉ. सिंह को बच्चों ने जीडीपी के बारे में बताया। कलेक्टर ने इससे जुड़े प्रश्न पूछते हुए जीडीपी की विस्तृत व्याख्या की। उन्होंने शिक्षिका से कहा बच्चों को रोचक ढ़ंग से अध्ययन कराएं ताकि वे पाठ्यक्रम की अवधारणा समझते हुए पढ़ाई करें। इससे वे अधिक क्षमता से ग्राहय कर सकेंगे। वे बाहनाकाड़ी प्राथमिक स्कूल में भी बच्चों के बीच पहुंचकर उनका परिचय लिया। बच्चों ने उनका अभिवादन किया, इस पर उनकी सरहाना की गई। इस अवसर पर जिला पंचायत के सीईओ विश्वदीप भी उपस्थित थे।

### रायपुर अमिटी यूनिवर्सिटी में महिला उद्यमिता विकास जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन

**रायपुर।** रायपुर जिला प्रशासन और रायपुर नगर पालिक निगम के सहयोग से माय ट्री स्कूल द्वारा अमिटी विश्वविद्यालय परिसर में महिला उद्यमिता विकास जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की पहल नगर निगम रायपुर के आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा द्वारा की गई, जिनका उद्देश्य रायपुर, छत्तीसगढ़ में उद्यमिता को बढ़ावा देना था। जिला प्रशासन और नगर पालिक निगम द्वारा इसी प्रयोजन हेतु प्रारंभ शी हब कार्यक्रम की जानकारी हेतु आयोजन किया गया। कार्यक्रम में माय ट्री स्कूल के संस्थापक रोहित कश्यप ने छात्राओं को शी हब कार्यक्रम की पूरी जानकारी दी। उन्होंने छात्राओं को उद्यमिता के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया और कार्यक्रम में भाग लेने की प्रक्रिया, लाभ और अन्य महत्वपूर्ण जानकारियों से अवगत कराया। नगर निगम के इंजीनियर और स्टार्टअप एवं इनोवेशन के प्रभारी सोहन गुप्ता ने कार्यक्रम में छात्राओं को भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने छात्राओं को व्यवसाय, नौकरी और दुकानदारी के बीच के मूलभूत अंतरों के बारे में बताया और उद्यमिता के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में अमिटी विश्वविद्यालय के डिप्टी डायरेक्टर अमित यूनिवर्सिटी छत्तीसगढ़ डॉक्टर सुशांत सिंह, प्रोफेसर डॉक्टर डिप्टी वाइस चांसलर सुमिता दवे, डिप्टी प्रो वाइस चांसलर सत्येंद्र पटनायक सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी छात्राओं को उद्यमिता से जुड़ी विभिन्न बुनियादी जानकारियां प्रदान की और इस कार्यक्रम को रायपुर में महिला उद्यमिता को बढ़ावा देने की दिशा में एक सकारात्मक पहल बताया । कार्यक्रम के माध्यम से छात्राओं को उद्यमी बनने के लिए प्रेरित किया गया।

# मातृशक्ति का सम्मान सर्वोपरि : बृजमोहन

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। नारी शक्ति स्वरूपा है। राष्ट्र के विकास एवं समृद्धि में इनका सबसे अहम योगदान रहता है। यही वजह है कि हमारी भारतीय जनता पार्टी माताओं-बहनों का सम्मान सर्वोपरि रखते हुए उनके हितों को ध्यान में रखकर कार्य करती है। छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार द्वारा लागू की गई महतारी वंदन योजना भी हमारी इस कथनी और करनी को प्रमाणित करती है।



यह बात रायपुर लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी एवं प्रदेश सरकार के शिक्षा, संस्कृति मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने माता कौशल्या की भूमि चंदखुरी में जिला भाजपा महिला मोर्चा द्वारा आयोजित महतारी सम्मान समारोह के दौरान कही।

यह कार्यक्रम भाजपा सरकार के 100 दिन पूर्ण होने एवं मातृशक्ति के सम्मान के लिए लागू महतारी वंदन योजना के शुभारंभ होने के अवसर पर बृजमोहन अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया था।

इस अवसर पर अपने उद्बोधन में अग्रवाल ने कहा कि महिलाएं हमारे समाज की आधार स्तंभ है। उनके कंधों पर संपूर्ण परिवार की जिम्मेदारी होती है। ऐसी मातृशक्ति की महत्ता को भाजपा ने समझा और उनके दुख दर्द को दूर करने का निर्णय लेते हुए उनके लिए कई कल्याणकारी योजनाओं की शुरुआत की। इन योजनाओं में प्रमुख रूप से भाजपा शासित केंद्र सरकार की उज्जवला गैस योजना, राज्य सरकार की महतारी वंदन योजना प्रमुख रूप से शामिल है।बृजमोहन ने कहा कि भाजपा जो कहती है वह करती है। महिलाओं के लिए घर-घर शौचालय निर्माण करवाया, जल जीवन मिशन के तहत घर-घर पानी पहुंचाने का काम किया गया। आज महतारी वंदन योजना के तहत एक 1000 रुपए महिलाओं के खातों में पहुंच रहा था।

उन्होंने कहा कि जब मैं रायपुर से विधानसभा का चुनाव लड़ता था तो सिर्फ रायपुर की जनता ही मुझे वोट कर पाती थी। आरंग के लोग कहते थे कि हमको आपको वोट करने का मौका नहीं मिलता। इस लोकसभा चुनाव में मेरे कामों को सराहने वाले शुभचिंतकों की शिकायत दूर हो जायेगी। मुझे वोट देने का मौका उन्हे मिलेगा। उनके दम पर आरंग विधानसभा से ही हम एक लाख की बढ़त दर्ज करेंगे।

इस अवसर पर सांसद सुनील सोनी,आरंग विधायक गुरु खुशवंत, प्रदेश अध्यक्ष महिला मोर्चा श्रीमती शालिनी राजपूत जी, रायपुर ग्रामीण की प्रभारी ममता साहू, महामंत्री विभा अवस्थी, मोर्चा के मीडिया प्रभारी डॉक्टर किरण बघेल, मंदिर हसौद भाजपा मंडल अध्यक्ष कृष्ण वर्मा, आरंग के मंडल अध्यक्ष देवनाथ साहु, समोदा मंडल मंडल अध्यक्ष नंदलाल साहू, रायपुर जिला ग्रामीण युवा मोर्चा के अध्यक्ष फनेंद्र वर्मा आदि उपस्थित थे।

# विस्तार भवन में नवीन चिकित्सालय कक्ष एवं बच्चों के झूलाघर का उद्घाटन

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर के विस्तार भवन में नवीन चिकित्सालय कक्ष एवं बच्चों के झूलाघर का उद्घाटन मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा द्वारा किया गया। इस अवसर पर समस्त न्यायमूर्तिगण उपस्थित रहे।



उल्लेखनीय है कि मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा नियमित रूप से उच्च न्यायालय और जिला न्यायालयों के भौतिक निरीक्षण करते रहे हैं तथा न्यायिक कार्य-व्यवस्था में सुधार एवं अधिकारियों, कर्मचारियों हेतु कार्य के बेहतर माहौल हेतु निरंतर प्रयासरत् रहे हैं। इसी कड़ी में आज उनके द्वारा नवीन चिकित्सालय कक्ष एवं बच्चों के झूलाघर का उद्घाटन किया गया।

नवीन चिकित्सालय कक्ष में चिकित्सकों की पदस्थापना के साथ ही प्राथमिक उपचार एवं दवाओं की सम्पूर्ण सुविधा उपलब्ध रहेगी। मुख्य न्यायाधीश द्वारा नवीन साज-सज्जा एवं सुविधाओं के साथ बच्चों के वातानुकूलित झूलाघर का उद्घाटन किया गया, जिसमें अलग-अलग आयुवर्ग के बच्चों के खेलने हेतु विभिन्न प्रकार के खिलौने रखे गये हैं। इसके साथ ही दीवारों पर बच्चों के लिए आकर्षक साज-सज्जा की गई है। पृथक से एक फीडिंग रूम तथा किचन स्थापित करते हुए बच्चों के लिए विभिन्न खाद्य सामग्री भी उपलब्ध करायी गयी है। विदित हो कि बहुत से अभिभावक पति-पत्नि दोनो ही उच्च न्यायालय में अधिकारी-कर्मचारी या अधिवक्ता के रूप में कार्यरत् हैं, ऐसी स्थिति में सर्व-सुविधायुक्त झूलाघर होने से वे अपने बच्चों के संबंध में बिना किसी चिंता के अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर सकते हैं। इस अवसर पर रजिस्ट्रार जनरल और अन्य न्यायिक अधिकारीगण, ज्यूडिशियल एकेडमी के न्यायिक अधिकारीगण, रजिस्ट्री के अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

## कलेक्टर और एसपी ने किया मतदान केंद्रों का निरीक्षण



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव सिंह और एसएसपी संतोष सिंह आज आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों के संबंध में आरंग अनुविभाग के मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने मंदिरहसौद में स्थित मातृसदन उच्चतर माध्यमिक शाला, प्राथमिक शाला भवन बाहनाकाड़ी, प्राथमिक शाला भवन जुगेसर के मतदान केंद्र का अवलोकन किया।

उन्होंने कहा कि ऐसी व्यवस्था की जाएं कि मतदाताओं को परेशानी न हो, वे अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने के लिए प्रेरित हो। दिव्यांगजनों के लिए रैंप बनाया जाएं। जिससे उनको किसी प्रकार की परेशानी न हो। धूप से बचाव के लिए शेड और पीने के पानी व्यवस्था की जाएं। साथ ही मतदान केंद्रों में महिला और पुरूष के लिए पृथक शौचालय का इंतजाम किया जाएं। कलेक्टर और एसएसपी सभी बूथों वाले कक्षों के भीतर जाकर स्थिति का जायजा लिया।

उन्होंने कहा कि प्रयास किया जाएं कि इन कक्षों में दो दरवाजे हो और जिसमें एक दरवाजे से भीतर जाकर मतदान करने के पश्चात दूसरे दरवाजे से बाहर निकल आएं। मतदान केंद्र तक पहुंचने का मार्ग अच्छी अवस्था में हो, ताकि मतदाता आसानी से पहुंच सके।

**चेंबर प्रतिनिधि मंडल ने राज्य जीएसटी आयुक्त रजत बंसल को सौंपा ज्ञापन**

# इज ऑफ डुईंग बिजनेस के तहत जीएसटी सरलीकरण एवं युक्तियुक्तकरण के लिए दिए सुझाव

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी,अजय भसीन, उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि चेंबर में इज ऑफ डुईंग बिजनेस के तहत जीएसटी सरलीकरण एवं युक्तियुक्तकरण के सम्बन्ध में बैठक रखी गई थी।



जहाँ व्यापारिक- औद्योगिक संगठनों एवं पदाधिकारियों से प्राप्त सुझावों को लेकर प्रदेश चेंबर अध्यक्ष अमर पारवानी के नेतृत्व में चेंबर प्रतिनिधिमंडल ने रजत बंसल, राज्य जीएसटी आयुक्त से मुलाकात कर जीएसटी सरलीकरण हेतु सुझाव के सम्बंध में ज्ञापन सौंपा।

चेंबर प्रदेश अध्यक्ष पारवानी ने बताया कि आज प्रतिनिधि मंडल ने प्रदेश के व्यापारियों में जीएसटी को लेकर आ रही कानूनी और तकनीकी परेशानियों के सम्बंध में तथा जीएसटी के सरलीकरण एवं युक्तियुक्त करण करने हेतु रजत बंसल को ज्ञापन सौंपा। बैठक में व्यापारियों द्वारा प्राप्त जीएसटी से सम्बंधित परेशानियों एवं सुझावों को प्रमुख रूप से चेंबर ने सूचीबद्ध किया। इस अवसर पर चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राम मंधान, सलाहकार सुरिन्दर सिंह, उपाध्यक्ष-कन्हैया गुप्ता, जय नानवानी, मंत्री-नीलेश मूंधड़ा शंकर बजाज, महात्मा गांधी मार्ग व्यापारी संघ के अध्यक्ष संजय जादवानी, स्कूटर पार्ट्स एसोसियेशन के अध्यक्ष कन्हैया महतो, रायपुर प्लाईवुड टेड्डर्स एसोसियेशन से बाबु राम मोदी, विजय पटेल, विकास तिवारी, मार्बल मार्केट व्यापारी संघ के अध्यक्ष राजेश मूंधड़ा, कार एसेसरीज एसोसियेशन ऑफरायपुर के अध्यक्ष हरमिंदर सिंह सलूजा, इलेक्ट्रिक मर्चेन्ट एसोसियेशन के अध्यक्ष अजंत अग्रवाल, सचिव मितेश वाढेर, योगेश त्रिवेदी आदि प्रमुख उद्योग चेम्बर अध्यक्ष अश्विन गर्ग, नीरज अग्रवाल, राजकुमार राठी, विवेक अरोरा आदि रूप से उपस्थित रहे।

# मतदाताओं को किया जा रहा जागरूक

श्रीकंचनपथ न्यूज



**धमतरी।** कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी नम्रता गांधी के निर्देश तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं स्वीप जिला नोडल अधिकारी रोम श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में जिले में आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 में शत-प्रतिशत मतदान के लिए स्वीप के तहत विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रहीं हैं। इसके तहत मजदूरों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं ने ग्रामीणों के साथ रैली निकालकर ग्रामीणों को मतदान करने की अपील की।

रैली के दौरान उन्होंने 'नहीं करेंगे यदि मतदान, होगा बहुत बड़ा नुकसान,' 'मत देना अपना अधिकार, बदले में ना लो उपहार,' 'वोट हमारा है अधिकार, करें नहीं इसको बेकार,' 'छोड़ के अपने सारे काम, पहले करें चलो मतदान' संबंधी नारे लगाये गये। वहीं महाविद्यालयों में निर्वाचन साक्षरता क्लब के सदस्यों द्वारा रैली निकालकर शत-प्रतिशत मतदान की अपील की गई। वनांचल सहित जिले के विभिन्न स्कूलों में भी मतदान संबंधी रंगोली, रैली, नुक्कड़, नाटक इत्यादि कार्यक्रम आयोजित किये गये। इसके अलावा जिले की विभिन्न गैस एजेंसियों में मतदाता जागरूकता संबंधी बैनर सहित गैस सिलेण्डर ले जाने वाली गाड़ियों में बैनर, गैस पर्ची और गैस सिलेण्डर में भी मतदान करने संबंधी सील लगाकर अपील की जा रही है।

इसी तरह जिले के विभिन्न कार्यालयों महिला एवं बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग सहित विभिन्न विभागों में बाहर से आने वाले लोगों को अधिकारी, कर्मचारियों द्वारा मतदान की शपथ दिलाई गई। वहीं जिले के श्यामतराई स्थित विजय राईस मिल श्यामतराई, ऋ षभ राईस मिल, साईं एग्रोटेक में कार्यरत 300 से अधिक मजदूरों को मतदान की शपथ दिलाकर अधिक से अधिक मतदान करने और आसपास के लोगों को भी मतदान करने के लिए प्रोत्साहित करने कहा गया। जिले के विभिन्न वर्गा के लोगों ने हम भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ ली।

## महिला संगठन की सदस्यों ने ली मतदान करने की शपथ

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोरबा।** कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत के निर्देशन में मतदाताओं को जागरूक करने जिले में स्वीप की गतिविधियां जारी हैं। इसी कड़ी में शासकीय मुकुटधर पाण्डेय महाविद्यालय कटघोरा में प्राचार्य डॉ. एम. एम. जोशी के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता का कार्यक्रम चलाया गया। छात्र-छात्राओं को मतदान के लिए प्रेरित किया गया। शासकीय महाविद्यालय दीपका में स्लोगन प्रतियोगिता के माध्यम से युवा मतदाताओं को मतदान का महत्व बताते हुए रोचक नारों के साथ मतदान में शामिल होने प्रेरित किया गया। इसी तरह विद्यार्थियों की मानव श्रृंखला बनाकर, पोस्टर के माध्यम से मतदान का महत्व बताया गया। इसी कड़ी में शासकीय महाविद्यालय ग्राम्य भारती हरदीबाजार, मिनीमाता कन्या महाविद्यालय, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय लाफा पाली में छात्र-छात्राओं द्वारा शपथ लेकर मतदान जागरूकता कार्यक्रम संचालित किया गया। लोकतंत्र को मजबूत करने की दिशा में स्वसहायता समूह से जुड़ी महिलाओं तथा ठेका श्रमिकों ने भी मतदान का शपथ लिया। महिलाओं ने निष्पक्ष होकर मतदान करने की शपथ ली। इसी तरह एसईसीएल कोरबा मानिकपुर खदान क्षेत्र में कार्मिक प्रबंधक विनोद सिंह के दिशा-निर्देशन में सुरक्षा संदेश के साथ ही मतदाता जागरूकता अभियान के तहत ठेका श्रमिकों द्वारा मतदान की शपथ ली गई।


Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65



Premier sales
8959493000
A Leela Electronics
9425507772
Reena Electronics
9329132299
Shree Electronics
7000827361
CONTACT
Maa Durga Electronics
9827183839
Rohit Electronics
94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

## खास खबर...

### सीएम ने दिए सार्वजनिक स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता करने के निर्देश

**रायपुर ( ए. )।** शॉपिंग मॉल में हुई मौत पर मुख्यमंत्री साय ने संज्ञान लिया है। उन्होंने ट्विटर पर लिखा, पिछले दिनों राजधानी रायपुर के शॉपिंग मॉल में दुर्घटनावश अबोध राजवीर की मृत्यु हृदयविदारक है। उस दु:ख को व्यक्त करने के लिये शब्द नहीं हो सकते। वह महज दुर्घटना थी, फिर भी हमने प्रदेश के सभी मॉल्स समेत ऐसे सार्वजनिक स्थानों की सुरक्षा सुनिश्चित करने, वहां लगे सुरक्षा उपकरणों आदि की समुचित जांच करने का निर्देश दिया है। बता दें कि मॉल में एस्कलेटर पर चढ़ने के दौरान पिता की गोद से बच्चा फिसल गया था। इस दौरान बच्चा तीसरी मंजिल से नीचे जा गिरा, जिससे उसकी दर्दनाक मौत हो गई थी। एक परिवार शॉपिंग करने पहुंचा था। पिता अपने बच्चे को गोद में लेकर मॉल की तीसरी मंजिल पर थे। सभी लोग एस्कलेटर पर चढ़ रहे थे, इसी दौरान ये हादसा हुआ था।

### 100 दिनों में पूरी की सभी प्रमुख गारंटी : विष्णुदेव साय

**रायपुर ( ए. )।** छत्तीसगढ़ में भाजपा की



सरकार को 100 दिन पूरे हो गए हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने ट्वीट करते हुए सरकार के 100 दिन पूरे होने पर सभी प्रमुख गारंटियों का जिक्र करते हुए प्रदेशवासियों से कहा कि, मेरे प्यारे प्रदेशवासियों, जय जोहार, जय छत्तीसगढ़...आज हमारी सरकार ने सुशासन के सौ दिन पूरे कर लिए हैं। इन सौ दिनों में हमने चुनाव के पहले जो प्रमुख गारंटी जनता को दी थी। उसे सरकार बनने के बाद तत्काल अमल पर लाना शुरू कर दिया है। सीएम साय ने बताया कि, सबसे पहले प्रदेश के 18 लाख परिवारों के लिए पीएम आवास की राशि जारी की है। हमारी सरकार ने गांव, गरीब, मजदूर, किसान, महिला, आदिवासी, कर्मचारी सबका ध्यान रखा गया है। सबकी उम्मीदों का मान रखते हुए प्रमुख गारंटियों को पूरा किया गया है। उन्होंने आगे लिखा : साथियों ये तो बस शुरुआत है सुशासन की, आगे भी हम प्रदेश को सुशासन के रास्ते पर चलकर विकसित बनाएंगे, तरक्की और समृद्धि के नए आयाम गढ़ेंगे। 3 करोड़ प्रदेशवासियों के लिए दिन-रात काम करेगी हमारी सरकार।

### चुनाव आयोग के अधीन हुआ पुलिस विभाग, अधिसूचना जारी

**रायपुर ( ए. )।** लोकसभा चुनाव-2024 के संचालन के लिए राज्य सरकार के समस्त पुलिस अधिकारी निर्वाचन आयोग में प्रतिनियुक्ति पर माने जाएंगे और आयोग के नियंत्रण में रहेंगे। इस संबंध में छत्तीसगढ़ शासन के गृह विभाग द्वारा मंत्रालय महानदी भवन नवा रायपुर, अटलनगर से मंगलवार को इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी गई है।

मंत्री अग्रवाल ने ली भाजपा पार्षदों और छाया पार्षदों की बैठक

# मैने खुद के लिए नहीं, कमल के फूल के लिए मांगा है मतदान : बृजमोहन

**रायपुर ( ए. )।** भारतीय जनता पार्टी रायपुर लोकसभा केंद्रीय कार्यालय में रायपुर नगर निगम के भाजपा पार्षदों और छाया पार्षदों की बैठक संपन्न हुई। इस बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा के रायपुर लोकसभा प्रत्याशी वरिष्ठ भाजपा नेता एवं मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि लोकसभा के चुनावी समर में उतरने से पहले हमें हर मोर्चे पर मजबूती के साथ तैयार रहना हैं।

उन्होंने कहा सर्वप्रथम मतदाता सूची के सुधार की प्रक्रिया में सभी पार्षदों और छाया पार्षदों को लगना है। किसी प्रकार की भी त्रुटि को सुधार कर चुनाव के दिन मतदाताओं को पोलिंग बूथ तक पहुंचने के लिए प्रेरित करना है। किसी भी प्रकार की फर्जी वोटिंग से बचने के लिए रणनीतिक रूप से तैयार रहना आवश्यक है, जिससे हम स्वस्थ चुनाव में अपनी सहभागिता निभा सकें। आप सभी के कंधों पर इस महत्वपूर्ण कार्य का दायित्व है। उन्होंने आगे कहा कि चुनाव को लेकर जनता के बीच उत्साह का वातावरण हैं। भाजपा की डबल इंजन की सरकार जनहित के अनगिनत कार्य कर रही है और केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं से भारत का प्रत्येक नागरिक लाभान्वित हो रहा हैं। शायद ही ऐसा कोई परिवार हो जो भाजपा सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं से लाभान्वित ना हुआ हो। माताएं, बहनें और किसान सहित अन्य वर्ग सीधे लाभान्वित हो रहे हैं।

बृजमोहन ने कहा कि कमल फूल छाप लोगों की जुबान में



होना चाहिए। लोकसभा की 400 सीटों के लक्ष्य पर हमारे शीर्ष नेतृत्व का ध्यान केंद्रित हैं। ऐसे में हमे भी अपनी लोकसभा प्रचंड मतों से जीतकर कीर्तिमान रचना है। सभी को एकजुटता के साथ कमल के निशान को ऐतिहासिक जीत दिलाना है। मैं आप सभी कार्यकर्ताओं के बीच यह बात पूरे विश्वास के साथ कह सकता हूं की अपने राजनीतिक जीवन में मेरे लिए पार्टी ही सर्वोपरि रही है। बृजमोहन ने बृजमोहन के लिए नही कमल निशान के लिए ही जनता से मत मांगा है, मेरे लिए और हर भाजपा कार्यकर्ता के लिए पार्टी प्रमुख है।

उन्होंने उपस्थित जनों से कहा कि आप सभी छोटे व्यापारी जैसे ठेले, खुमचे, किराना दुकान से सीधा संपर्क कर भाजपा के पक्ष में अपना मत रखें और मतदान करवाने के लिए सहयोग का आग्रह करें। साथ ही मंदिरों, धार्मिक लोगों और सामाजिक प्रमुखों से सहित हमारे दिनचर्या से जुड़े लोगों के समक्ष भी बात रखे। हम सभी को अथक परिश्रम करने की आवश्यकता है।

बृजमोहन अग्रवाल ने सभी पार्षदों की उपस्थिति में अबकी बार 400 पार लिखित टी शर्ट लोकार्पित किया। जिसे रायपुर लोकसभा के कार्यकर्ताओं को वितरित किया जायेगा। उन्होंने कहा कि आप सभी को वार्ड स्तर पर कार्ययोजना बनाकर कार्य करना है जिससे हर कार्य सूक्ष्मता से अंतिम इकाई तक आसानी से पहुंचे और एक बेहतर सामंजस्य स्थापित किया जा सके। लोकसभा केंद्रीय कार्यालय में आहूत इस बैठक में आज रायपुर लोकसभा से सांसद सुनील सोनी, ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू ने भी संबोधित किया सांसद सुनील सोनी ने कहा की रायपुर लोकसभा की जीत इतनी ऐतिहासिक हो की कभी ना टूटने वाला कीर्तिमान स्थापित किया जा सके और इसके लिए हमको अपने आपको पूरी तरह झोंकना पड़ेगा दिन रात हमे इस तरह को मेहनत करनी है जैसे स्वयं ही प्रत्याशी हैं। विधायक मोतीलाल साहू ने कहा की कांग्रेस चुनावी मैदान में कहीं नहीं है परंतु फिर भी हमे अपनी तरफ से पूरी मेहनत करनी है और इस चुनाव को भी पूरी गंभीरता के साथ लड़ना है रायपुर ग्रामीण से हमे अपने ही रिकॉर्ड से आगे जाना है और एक नया मील का पत्थर स्थापित करना है ।

# कलेक्टर गौरव व एसएसपी संतोष ने चखा मध्याह्न भोजन का स्वाद





**रायपुर।** कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह और एसएसपी संतोष सिंह मंदिरहसौद के मातृ सदन उच्चतर माध्यमिक शाला में निरीक्षण के दौरान पहुंचे तो उस समय मध्याह्न भोजन पकाया जा रहा था।

उन्होंने रसोईयों से खाद्य सामाग्री की जानकारी लेते हुए पूछा-कौन सी सब्जी पका रहे है और कितने लोगों के लिए खाया बनाया जा रहा है। इस पर रसोईयों ने जानकारी दी। इसके बाद कलेक्टर डॉ. सिंह ने स्वयं उनके द्वारा बनाए गए भोजन को चखा। उनके साथ उपस्थित एसएसपी संतोष सिंह और जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप ने मध्याह् भोजन खाया। कलेक्टर डॉ. सिंह बाहनाकाडी आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया और उपस्थित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को खाद्य पदार्थ रखने की जानकारी लेते हुए सुरक्षित रखने के निर्देश दिए।

### देखी सड़क निर्माण की गुणवत्ता

वाक्या ऐसा था जब कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह मंदिरहसौद से चंदखुरी चुनावी तैयारियों के संबंध में दौरा करने निकले थे। तभी उन्होंने चंदखुरी रोड में बनाई जा रही सड़क को देखकर अपना वाहन रूकवाया और श्रमिकों से जानकारी ली। उन्होंने सड़क बनाने वाले श्रमिक को बुलाकर निर्माणाधीन सड़क में राड डलवाकर सड़क की मोटाई का परीक्षण किया और उपयोग किए जाने वाले निर्माण सामग्री की भी जानकारी ली। कलेक्टर ने बाहनाकाड़ी के निर्माणाधीन पुलिया को देखकर रूके और जानकारी ली और एजेंसी की जानकारी ली। कलेक्टर ने उक्त निर्माण स्थलों को समय-सीमा में और गुणवत्तापूर्वक बनाने के निर्देश दिए। इस दौरान एसएसपी संतोष सिंह, जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप और आरंग एसडीएम पुष्पेंद्र शर्मा उपस्थित थे।

### कलेक्टर पहुंचे हितग्राही के घर

कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ग्राम जुगेसर के निरीक्षण पर पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने जल जीवन मिशन के तहत निर्माण पानी टंकी का निरीक्षण किया और अधिकारियों से इसकी जानकारी ली उन्होंने पूर्ण होने और नियमित पेयजल आपूर्ति होने के बारे में बताया। कलेक्टर सीधे हितग्राही के घर पहुंचे और उन्होंने कलेक्टर ने हितग्राही से पूछा कि नल में पानी आ रहा है। हितग्राही ने संतुष्टि जाहिर की और बताया कि घर पर कुआ के पानी का उपयोग करते थे। घर पर नल से सुबह और शाम दोनों समय में शुद्ध पेयजल मिल रहा है। महीने में मात्रा 100 रूपए शुल्क ही लिया जा रहा है। इस अवसर पर एसएसपी संतोष सिंह और सीईओ विश्वदीप उपस्थित थे।

## राजस्व वसूली में पिछड़ा रायपुर नपानि

**रायपुर।** नगर निगम राजस्व वसूली से फिर पीछे हो गया है। वित्तीय वर्ष को समाप्त होने में 11 दिन ही शेष है और राजस्व वसूली महज 174 करोड़ रुपये ही पहुंचा है। ऐसे में अब निगम को टारगेट पूरा करने के लिए अब हर दिन लगभग 7 करोड़ रुपये की वसूली करनी होगी। इस बीच दो रविवार के साथ दो दिन होली की छुट्टी भी रहेगी। इससे निगम अफसरों और कर्मियों की चिंता बढ़ गई है।

इस वर्ष निगम ने 250 करोड़ रुपये राजस्व वसूली का लक्ष्य रखा है, लेकिन अभी तक मात्र 174 करोड़ रुपये की वसूली हुई है। जबकि पिछले वर्ष दो सौ 23 करोड़ रुपये की राजस्व वसूली हुई थी। अभी पिछले साल की तुलना में निगम 49 करोड़ रुपये पीछे चल रहा है। वहीं, अपने लक्ष्य को पाने के लिए निगम को 76 करोड़ की वसूली करनी बची है। निगम अधिकारी दलील दे रहे हैं कि समय से लक्ष्य को पूरा कर लिया जाएगा। वित्तीय वर्ष 31 मार्च को समाप्त हो रहा है। इन 11 दिनों में होली की छुट्टी भी रहेगी। इससे टारगेट पूरा कर पाना मुश्किल है।

निगम द्वारा सभी जोन के माध्यम से राजस्व वसूली की कार्रवाई की जा रही है। इसमें निगम सेंट्रल टीम सहित जोन के राजस्व अधिकारी बकायादारों के खिलाफ कुर्की और सीलबंदी की कार्रवाई लगातार कर रहे, लेकिन निगम का खजाना इसके बाद भी अपने लक्ष्य को प्राप्त करता दिखाई नहीं दे रहा है। इसके लिए निगम आयुक्त के आदेश पर जोन कमिश्नर भी जुटे हुए हैं। ऐसे बकायादार जिनके द्वारा राजस्व भुगतान करने के लिए जान पहचान या पहुंच का उपयोग किया जाता है, उनके खिलाफ सक्षम अधिकारियों द्वारा सीधे तौर से कार्रवाई की जा रही है।

### बड़े बकाएदारों को कर रहे टारगेट

निगम की राजस्व टीम के निशाने पर शहर के बड़े बकायदार हैं। निगम की टीम शहर के बड़े बकायादारों की जोन के अनुसार लिस्ट तैयार करके राजस्व वसूली कर रही है। इसके बाद भी राजस्व का भुगतान बकायादारों द्वारा नहीं किया जा रहा है। राजस्व अधिकारियों का कहना है कि कुछ ऐसे बकायादार हैं, जिनसे वसूली के लिए अधिकारियों को कई बार चक्कर लगाना पड़ता है। बार-बार चक्कर लगाने के बाद भी भुगतान नहीं करते हैं, तब इनके खिलाफकार्रवाई की जाती है। अधिकारियों का कहना है कि राजस्व हर किसी को पटाना ही है, लेकिन समय पर नहीं पटाने पर उन्हें 17 प्रतिशत ब्याज के साथ टैक्स वसूला जाता है।

## आयुक्त ने निर्वाचन संबंधी तैयारियों की समीक्षा की

- स्वीप कार्यक्रमों के जरिए मतदाताओं को मतदान हेतु प्रेरित करने दिए निर्देश




**रायपुर।** नगर निगम कमिश्नर एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी अबिनाश मिश्रा ने लोकसभा निर्वाचन 2024 की तैयारियों के संबंध में निगम अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने शत् प्रतिशत मतदान का लक्ष्य निर्धारित कर प्रत्येक मतदाता को आसन्न 07 मई को मतदान के लिए प्रेरित करने निर्देशित किया है। उन्होंने कहा कि कम मतदान प्रतिशत वाले चिन्हित क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता अभियान संचालित करें।

बैठक में अपर आयुक्त आरपी गुप्ता, विनोद पांडेय, अधीक्षण अभियंता राजेश शर्मा सहित निगम अधिकारी उपस्थित थे।

नगर निगम मुख्यालय के सभाकक्ष में आयोजित इस बैठक में श्री मिश्रा ने लोकसभा निर्वाचन के संबंध में अब तक की गई तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने मतदान केन्द्रों में सभी बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित करने व मतदान हेतु पहुंचने वाले मतदाताओं के लिए पार्किंग स्थल भी चिन्हित करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा है कि वृद्ध व अशक्त मतदाताओं को मताधिकार के प्रयोग में कोई परेशानी न हो, इसका विशेष ध्यान रखें। बैठक में सभी अधिकारी-कर्मचारियों को निर्वाचन के महत्वपूर्ण कार्य को पूरी जिम्मेदारी से करने की अपील की एवं आयोजित होने वाले प्रशिक्षण व जागरूकता कार्यक्रमों में पूर्ण सहयोग के लिए कहा है। बैठक में सभी विभाग प्रमुख, सर्व जोन कमिश्नर, स्वास्थ्य, स्वच्छता, शहरी आजीविका मिशन के प्रबंधक व सामुदायिक संगठक उपस्थित रहें।

एम्स में बिना किसी खर्च के इमरजेंसी सेवाओं सहित सभी प्रकार की चिकित्सा सेवाएं प्रदान की जाएंगी

# पूर्व सैनिकों को मिलेंगी केशलैस और केपलैस चिकित्सा सुविधाएं

**रायपुर ( ए. )।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान और पूर्व सैनिक अंशदायी स्वास्थ्य योजना (ईसीएचएस) के मध्य मैमोरेंडम ऑफएग्रीमेंट किया गया है, जिसके अंतर्गत छत्तीसगढ़ के नौ हजार से अधिक सैनिकों और उनके 21 हजार से अधिक परिजनों को केशलैस और केपलैस स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जा सकेंगी। अब भूतपूर्व सैनिकों को एम्स में बिना किसी खर्च के इमरजेंसी सेवाओं सहित सभी प्रकार की चिकित्सा सेवाएं प्रदान की जाएंगी।

मंगलवार को एमओयू हस्ताक्षर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए लेफ्टि जनरल पदम सिंह शेखावत, जनरल ऑफिसर कमांडिंग, मध्य




भारत क्षेत्र ने एम्स रायपुर को ईसीएचएस में शामिल किए जाने पर प्रसन्नता प्रकट करते हुए कहा कि, इसके माध्यम से 30 हजार से अधिक सैनिकों और उनके परिजनों को छत्तीसगढ़ में अब अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी। उन्होंने कहा कि एम्स राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना चुका है। अब इसका चिकित्सक समुदाय अपनी सेवा भावना से पूर्व सैनिकों को भी चिकित्सा सेवाएं प्रदान कर सकेंगे।

कार्यपालक निदेशक लेफ्टि जनरल अशोक जिंदल (रिटा) ने कहा कि, एम्स में सभी पूर्व सैनिकों को सेवा भावना के साथ चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। उन्होंने ईसीएचएस और सेना अधिकारियों को एमओए के लिए त्वरित कार्यवाही के लिए धन्यवाद दिया और कहा कि अब पूर्व सैनिकों को इमरजेंसी सहित सभी प्रकार की केशलैस चिकित्सा सुविधाएं एम्स में ही मिल सकेंगी।

ईसीएचएस के उप-प्रबंध निदेशक ब्रिगेडियर जितेंद्र सिंह ने कहा कि, ईसीएचएस अप्रैल 2003 में प्रारंभ की गई थी। उस समय इसके लाभार्थियों की संख्या 3.5 लाख थी जो अब बढ़कर 60 लाख हो गई है। वर्तमान में पूर्व सैनिकों को इस योजना के माध्यम से 10 हजार करोड़ रुपये से अधिक का उपचार प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्ति के बाद पूर्व सैनिकों को चिकित्सा सेवाओं की काफी आवश्यकता पड़ती है। ऐसे में एम्स का ईसीएचएच के साथ जुड़ने पर पूर्व सैनिकों को काफी लाभ मिलेगा।

कार्यक्रम में ब्रिगेडियर अमन आनंद, कमांडर, छत्तीसगढ़ और ओडिशा सब एरिया और चिकित्सा अधीक्षक प्रो. रेनू राजगुरु सहित 350 से अधिक सैनिक, पूर्व सैनिक, एम्स के अधिकारी और छात्र उपस्थित थे।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243





















## गौहर खान और जैद दरबार के बेटे जेहान की पहली झलक




टीवी और बॉलीवुड की फेमस एक्ट्रेस रहीं गौहर खान इन दिनों पति जैद दरबार संग मक्का में उमराह करने गई हैं। वहां से उन्होंने बेटे जेहान का चेहरा पहली बार दुनिया को दिखा दिया है। उन्होंने लिखा, 'अल्लाह के घर से पहला सलाम कुबूल करें।'

टीवी एक्ट्रेस और बॉलीवुड फिल्मों में काम कर चुकीं गौहर खान लंबे समय से स्क्रीन से दूर हैं। वो अपनी पर्सनल लाइफ में बिजी हैं। उन्होंने साल 2020 में म्यूजिक डायरेक्टर इस्माइल दरबार के बेटे जैद से निकाह किया था और ठीक 2 साल बाद दोनों ने पहली प्रेग्नेंसी का ऐलान किया। 10 मई 2023 को गौहर ने बेटे को जन्म दिया और उसका नाम जेहान रखा। पूरे 10 महीने बाद उन्होंने 20 मार्च 2024 को पहली बार बेटे का चेहरा रिवील किया है। मालूम हो कि गौहर और जैद अपने बच्चे संग मक्का में उमराह करने गई हैं। 40 साल की गौहर खान ने मक्का से बेटे की पहली तस्वीर शेयर की है। उनके साथ पति जैद दरबार भी हैं। दोनों ने अपने लाडले को गोद में उठाया हुआ है और उसे प्यार से निहार रहे हैं। नन्हे से जेहान ने उमराह वाले कपड़े पहने हुए हैं, जिसमें वो बहुत क्यूट लग रहे हैं।

### अलाना पांडे ने किया बेबी का जेंडर रिवील

अनन्या पांडे की चचेरी बहन अलाना पांडे इन दिनों प्रेग्नेंसी के चलते सुर्खियों में हैं। वहीं हाल ही में एक बेबी शॉवर का आयोजन किया गया, जिसमें आदित्य रॉय कपूर से लेकर अनन्या पांडे तक बॉलीवुड के कई सितारे नजर आए। इसी बीच बेबी शॉवर की इनसाइड तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे हैं। इनमें मां बनने जा रहीं अलाना पांडे के साथ अनन्या पोज देती हुई दिख रही हैं। गुरुवार को मॉडल अलाना पांडे और उनके पति इवोर मैक्रे ने मुंबई में बेबी शॉवर रखा, जिसमें अलाना की चचेरी बहन और बॉलीवुड एक्ट्रेस अनन्या पांडे का शामिल होना तो बनता था। इसी खास दिन की तस्वीरें एक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम पर शेयर की, जिसमें वह अपनी चचेरी बहनों – होने वाली मां अलाना और आलिया वाशेरे के साथ पोज देती हुई नजर आईं। फोटो में अनन्या को एक सुंदर सफेद प्रिंटेड ड्रेस में सुंदर पोज देते हुए देखा जा सकता है, जबकि उसकी चचेरी बहन और प्रेग्नेंट अलाना एक सफेद गाउन में बेहद खूबसूरत लग रही थीं। तस्वीर के ऊपर अनन्या पांडे ने लिखा, मासिस और बेबी मामा।

# आपके शरीर के लिए कितना खतरनाक है पिज्जा



पिज्जा खाना हर किसी को पसंद होता है, बाजार में यह कई फ्लेवर में मिल जाता है। यह एक स्वादिष्ट व्यंजन है, जिसे खाने से लोग पीछे नहीं हटते। लेकिन क्या आप जानते हैं कि पिज्जा के अत्यधिक सेवन से आपके स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ सकता है आज हम आपको इसके नुकसान के बारे में बताएंगे।

पिज्जा एक पसंदीदा फूड है, जिसे बच्चें से लेकर बड़ों तक सब खाना पसंद करते हैं। इसके कई नुकसान भी होते हैं। पिज्जा ज्यादा मसालेदार और तेल में बनाया जाता है, जिससे उसमें ज्यादा कैलोरी होती है और यह मोटापा, डायबिटीज जैसी समस्या को जन्म देता है।



### पिज्जा नुकसान

पिज्जा में चीज और मक्खन ज्यादा होता है, जिससे कोलेस्ट्रॉल और दिल से जुड़ी बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है। यही नहीं पिज्जा का बेस मैदे का होता है, जो डाइजेस्टिव सिस्टम को प्रभावित करता है और इससे आंतों की समस्या होने की संभावना रहती है। इसमें ज्यादा सोडियम होने से रक्तचाप जैसी दिक्कतें बनी रहती है। इसके अलावा पिज्जा में कैफीन होता है जिससे नींद की समस्या हो सकती है।

### जानें इसके बचाव

पिज्जा खाना स्वास्थ्य के लिए काफी खतरनाक हो सकता है। इससे कई बीमारियां होने की संभावना होती है। इन सब से बचने के लिए आपको पिज्जा का सेवन कम करना चाहिए। यदि आपका पिज्जा खाने का मन हो तो आप स्वस्थ सामग्री का उपयोग कर इसे घर पर बना सकते हैं। कोशिश करें पिज्जा के बदले आप स्वस्थ पौष्टिक आहार खाएं। एकदम से किसी भी चीज की आदत को छोड़ना बहुत मुश्किल होता है, इसलिए आप कोशिश करें थोड़ा-थोड़ा करके इसे छोड़ दें।

# लव सेक्स और धोखा 2 पोस्टर हुआ रिलीज



एकता कपूर की फिल्म लव सेक्स एंड धोखा आज भी अपने अनोखे कॉन्टेंट के कारण सुर्खियों में रहती है। इसलिए जबसे मेकर्स ने इसके सीक्वल यानी लव सेक्स एंड धोखा 2 का ऐलान किया है, तब से लोग फिल्म के नए कांसेप्ट से जुड़े रहने के लिए मजबूर हो रहे हैं। जहां लव सेक्स और धोखा ने कैमरा के ज़माने ने प्यार को रोशनी में लाया था, वहीं सीक्वल एक बिल्कुल नए कांसेप्ट के साथ आ रहा है - डिजिटलाइज्ड दुनिया में प्यार।

लव सेक्स एंड धोखा 2 का मोशन पोस्टर ने इंटरनेट के युग में प्यार और उसकी मौजूदगी की एक झलक दी है। ऐसे में अब मेकर्स एक और दिलचस्प मोशन पोस्टर लेकर आए हैं। यह पोस्टर हमें असली दुनिया और डिजिटलाइज्ड दुनिया में प्यार के अंतर को दिखा रहा है।

जैसा कि हमने बताया कि इस फिल्म का नया मोशन पोस्टर रिलीज हो गया है। बोल्ड, मनोरंजक और प्रभावशाली ये मोशन पोस्टर फिल्म के असली उत्साह को बयां करता है जो दर्शकों को असला दुनिया से डिजिटल दुनिया की सैर कराने वाला है। इस मोशन पोस्टर की शुरुआत में हम सीढ़ियों के साथ एक मोबाइल फोन देखते हैं और बैकड्रॉप में फ्लैशलाइट चमकती है, जो प्रसिद्धि की दुनिया को दर्शाता है।

फिर एक और तरफ हम देखते है जहां फोन के बाहर कदम रखते हैं एक लड़की नजर आई है जो एक लड़के का हाथ पकड़े हुए अंदर आती है, जो असली दुनिया से रील दुनिया में बदलाव को दर्शाता है। मोशन पोस्टर जितना आकर्षक लग रहा है, इसने वास्तव में फिल्म को और अधिक देखने के लिए उत्साह बढ़ा दिया है। बालाजी टेलीफिल्म्स और कल्ट मूवीज़ पेश करते है दिबाकर बनर्जी प्रोडक्शन की लव सेक्स और धोखा 2, जिसे एकता आर कपूर और शोभा कपूर ने प्रोड्यूसर किया हैं। इस फिल्म का निर्देशन दिबाकर बनर्जी ने किया हैं। यह फिल्म 19 अप्रैल 2024 को रिलीज होगी।

# उर्वशी की फिल्म जेएनयू का पहला पोस्टर जारी




बॉलीवुड अभिनेत्री उर्वशी रौतेला इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म जेएनयू को लेकर खबरों का हिस्सा बनी हुई हैं। इस फिल्म के जरिए वह लंबे समय बाद पर्दे पर वापसी कर रही हैं।दिग्गज अभिनेता रवि किशन भी इस फिल्म में मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। टीवी की लोकप्रिय अभिनेत्री रश्मि देसाई भी फिल्म का हिस्सा हैं।अब जेएनयू का पहला पोस्टर जारी कर दिया है। इसके साथ निर्माताओं ने फिल्म की रिलीज तारीख से भी पर्दा उठा दिया है।

पोस्टर की बात करें तो इसपर भगवा रंग का भारत का नक्शा देखने को मिल रहा है, जिसे एक हाथ जकड़े हुए है। पोस्टर पर लिखा है, क्या एक एजुकेशनल यूनिवर्सिटी देश को तोड़ सकती है वहीं पोस्टर के नीचे कई सारे हाथ नजर आ रहे हैं। कुछ लोगों ने हाथ में भगवा झंडा पकड़ा हुआ है, जिसपर जय श्री राम लिखा हुआ नजर आ रहा है।

जेएनयू के निर्देशन की कमान विनय शर्मा ने संभाली है तो वहीं प्रतिमा दत्ता फिल्म की निर्माता हैं।यह फिल्म 5 अप्रैल, 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है। जेएनयू में पीयूष मिश्रा, विजय राज, अतुल पांडे और सोनाली सेगल जैसे सितारे भी अभिनय करते दिखाई देंगे। जेएनयू के अलावा उर्वशी एनबीके109 , दिल है ग्रे और ब्लैक रोज जैसी फिल्मों में नजर आएंगी। इन फिल्मों का भी दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

सोशल मीडिया पर फिल्म ये पोस्टर तेजी से वायरल हो रहा है। एक्ट्रेस के इस पोस्ट पर कमेंट्स की बाढ़ आ गई है। किसी एक यूजर ने कमेंट में लिखा कि ये एक चुनावी प्रोपेगेंडा फिल्म है। तो किसी अन्य यूजर इसे फिल्म को वोट बैंक मूवी बताया है। वहीं कई लोग इस मूवी को बैन करने की मांग भी कर रहे हैं। किसी एक सोशल मीडिया यूजर ने कमेंट में लिखा है कि ऐसी फिल्में चुनाव के समय ही क्यों आती हैं। रवि किशन और उर्वशी के अलावा फिल्म में सिद्धार्थ बोडके, पीयूष मिश्रा, रशमी देसाई, सोनाली सहगल और विजय राज जैसे कलाकार भी शामिल हैं। इस फिल्म को विनय शर्मा ने डायरेक्ट किया है, जो 5 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीद होने के लिए तैयार है। वहीं प्रतिमा दत्ता इस फिल्म को प्रोड्यूस कर रही हैं।




# मुझे टिकट मिली हैः राजनीति में किसकी तरफ से दम दिखाएंगी उर्वशी

बॉलीवुड अभिनेत्री उर्वशी रौतेला जल्द ही जेएनयू मूवी में नजर आएंगी। अप्रैल में रिलीज हो रही फिल्म से पहले उर्वशी रौतेला ने एक बड़ा एलान किया है। अभिनेत्री ने हिंट दिया है कि वह राजनीति में शामिल हो रही हैं। यही नहीं उनका कहना है कि उन्हें टिकट भी मिल गया है। जानिए उर्वशी राजनीति में आ रही हैं या नहीं। सिनेमा जगत की चर्चित अभिनेत्री उर्वशी रौतेला अपनी आगामी फिल्म 'जहांगीर नेशनल यूनिवर्सिटी' को लेकर चर्चा में हैं। फिल्म की रिलीज से पहले उर्वशी रौतेला ने राजनीति से जुड़ा एक बड़ा बयान दे दिया है। उर्वशी रौतेला जानी-मानी मॉडल और एक्ट्रेस हैं। हेट स्टोरी 4, ग्रेट ग्रैंड मस्ती, सनम रे और वर्जिन भानुप्रिया जैसी फिल्मों में काम कर चुकीं उर्वशी को इंडस्ट्री में करीब 11 साल हो गए हैं। अभिनय और खूबसूरती का जलवा बिखरेने के बाद उर्वशी राजनीति में कदम रखने की योजना बना रही हैं।

### राजनीति में उर्वशी रौतेला लेंगी एंट्री?

उर्वशी रौतेला ने जेएनयू मूवी की रिलीज से पहले राजनीति में आने का हिंट दिया है। यही नहीं, एक्ट्रेस का कहना है कि उन्हें चुनाव लड़ने के लिए टिकट भी मिल गई है। हालांकि, अभिनेत्री ने अभी तय नहीं किया है कि वह राजनीति में आएंगी या नहीं। हाल ही में, जब इंस्टैंट बॉलीवुड संग बातचीत में उर्वशी से पूछा गया कि उनकी राजनीति में कितनी दिलचस्पी है, इस पर एक्ट्रेस ने एक बड़ा बयान दिया।

उर्वशी रौतेला ने कहा, मुझे पहले ही टिकट मिल गई है। तो मुझे फैसला लेना है कि मैं राजनीति का हिस्सा बनूंगी या नहीं। उर्वशी ने यह भी कहा कि उन्होंने अभी तक तय नहीं किया है। उन्होंने फैंस से कहा कि वह उन्हें बताएं कि वह राजनीति में शामिल हो या फिर नहीं। हालांकि, उन्हें किस राजनीतिक पार्टी ने टिकट दिया है, इस बारे में अभिनेत्री ने कुछ नहीं कहा है।

### कब रिलीज हो रही जेएनयू?

विनय वर्मा के निर्देशन में बनी जेएनयू में दिखाया जाएगा कि कैसे यूनिवर्सिटी के अंदर एंटी नेशनल एक्टिविटीज हो रही हैं। फिल्म में सिद्धार्थ बोडका, उर्वशी रौतेला, पीयूष मिश्रा, विजय राज और अतुल पांडे जैसे कलाकार अहम भूमिका निभा रहे हैं। हाल ही में, फिल्म का टीजर रिलीज हुआ था, जिसने लोगों का काफी ध्यान खींचा। यह फिल्म 5 अप्रैल 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है।

# शहतूत स्वाद के साथ-साथ फायदों से भी भरपूर होता है



जब बेरी खाने की बात आती है तो आमतौर पर लोग स्ट्रॉबेरी, ब्लूबेरी और चेरी आदि पसंद करते हैं, लेकिन भारत में मिलने वाली एक बेरी के बारे में कम ही लोग जानते हैं।हम शहतूत की बात कर रहे हैं, जो पोषक तत्वों और मीठे स्वाद से लैस होती है। इनका स्वाद काफी हद तक अंगूर और ब्लैकबेरी जैसा होता है। इसे मलबेरी भी कहते हैं, जिसे डाइट का हिस्सा जरूर बनाना चाहिए।

### पाचन स्वास्थ्य में सुधार

शहतूत में पर्याप्त मात्रा में आहार फाइबर होता है, जिसकी हमारे शरीर को उचित पाचन के लिए जरूरत होती है। इसके सेवन से पेट में गया खाना आसानी से पच जाता है।अगर आपको कब्जियत की परेशानी है तो शहतूत खाने से उसे सुधारा जा सकता है। इन्हें खाने से हमें सूजन और पेट में ऐंठन की समस्या से राहत मिल सकती है।इस बेरी को खान-पान का हिस्सा बनाने से वजन घटाने में भी सहायता मिलती है।

### नियंत्रित रहता है रक्त शर्करा का स्तर

आप अपने शरीर में शक्कर के स्तर को संतुलित रखना चाहते हैं तो सफेद शहतूत आपको सबसे अच्छे परिणाम देगा।अध्ययनों से पता चलता है कि सफेद शहतूत में मौजूद कुछ रसायन टाइप-2 मधुमेह के इलाज में इस्तेमाल की जाने वाली दवाओं से मेल खाते हैं।अगर आप भी इस बीमारी से जूझ रहे हैं तो डॉक्टरों की सलाह के बाद इन्हें डाइट में जोड़ें। यह शरीर के रक्त में चीनी की मात्रा को नियंत्रण में रख सकता है।

### कम हो सकते हैं कैंसर के लक्षण

शहतूत एंथोसायनिन से भरपूर होता है, जो कैंसर कोशिकाओं से लड़ने में मददगार होता है। इसमें रेसवेराट्रॉल भी मौजूद होता है, जो कैंसर-रोधी गुणों के लिए जाना जाता है।इसके सेवन से कोलन कैंसर, त्वचा कैंसर, प्रोस्टेट कैंसर और थायरॉयड से लड़ने में सहायता मिल सकती है। कैंसर के लक्षणों को कम करने के लिए डॉक्टरी सलाह के बाद न सिर्फ यह फल, बल्कि इसकी पत्तियां और पेड़ की छाल भी खान-पान में जोड़ी जा सकती है।

### हड्डियां होती हैं मजबूत

हड्डियों को मजबूत बनाने के लिए विटामिन- के, कैल्शियम और आयरन जैसे पोषक तत्वों का सही मात्रा में मिलना जरूरी होता है। इन सभी तत्वों को आप शहतूत के सेवन से पा सकते हैं।ये पोषक तत्व कमजोर हड्डियों की परेशानी को दूर करने के लिए जाने जाते हैं। रोजाना शहतूत खाने से आप ऑस्टियोपोरोसिस और गठिया जैसी हड्डियों की दिक्कत को प्राकृतिक रूप से कम कर सकते हैं।ब्लूबेरी के सेवन से भी शरीर को कई लाभ मिलते हैं।

### सर्दी-जुकाम से मिलती है निजात

अगर आप अकसर सर्दी-जुकाम से परेशान रहते हैं तो इस समस्या को शहतूत खाने से दूर किया जा सकता है। सफेद शहतूत शरीर के जहरीले और नुकसान पहुंचाने वाले बैक्टीरिया को मारने के लिए जाने जाते हैं।इसे डाइट में शामिल करने से बंद नाक को खोला जा सकता है और बहती नाक को भी कुछ हद तक ठीक किया जा सकता है। शहतूत में फ्लेवोनोइड्स भी होते हैं, जो जुकाम से आराम दिलाते हैं।

# फैंस बोले-'असली लॉर्ड बॉबी'

## गरीब बच्चों को दिए 500 रुपये के नोट



फिल्म एनिमल से हिंदी सिनेमा में धमाकेदार वापसी करने वाले बॉबी देओल आए दिन सुर्खियों में छाए हुए रहते हैं। हाल ही में एक्टर की अपकमिंग फिल्म कंगुवा का खतरनाक टीजर भी रिलीज किया गया है। इस बीच सोशल मीडिया पर बॉबी देओल का एक लेटेस्ट वीडियो सामने आया है। जिसमें वह गरीब बच्चों को 500-500 के नोट देते हुए दिख रहे हैं।

हिंदी सिनेमा के मंजे हुए कलाकार बॉबी देओल ने बीते साल फिल्म एनिमल के जरिए जोरदार कमबैक किया है। इस फिल्म की अपार सफलता के बाद के बॉबी को लेकर अक्सर सुर्खियां बनी रहती हैं। इस बीच सोशल मीडिया पर अभिनेता का एक लेटेस्ट वीडियो सामने आया है।

बॉबी देओल ने फिर से जीता फैंस का दिल

अपनी सादगी और दरियादिली को लेकर बॉबी देओल को काफी जाना जाता है। ऐसे में उनका ये लेटेस्ट वीडियो इस बात का पक्का सबूत है। सेलेब्स फोटोग्राफर पल्लव पालीवाल ने बॉबी का एक लेटेस्ट वीडियो अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर शेयर किया है। इस मूवी में नजर आएंगे बॉबी डायरेक्टर संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म एनिमल के बाद आने वाले समय में बॉबी देओल फिल्म कंगुवा में दिखेंगे। इस मूवी में उनके साथ साउथ सुपरस्टार सूर्या मौजूद हैं। हाल ही में कंगुवा का धमाकेदार टीजर भी रिलीज किया गया है, जिसे देख साउथ की इस फिल्म के लिए फैंस की एक्साइटमेंट बढ़ गई है।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243


Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है

मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

## खास खबर

### सी-विजिल में की जा सकती है आचार संहिता उल्लंघन की शिकायत

**कांकेर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन संबंधी शिकायतों की त्वरित सूचना एवं समाधान के लिए मोबाइल एप्लिकेशन 'सी-विजिल' शुरू किया गया है, जिसके माध्यम से कोई भी नागरिक लोकसभा निर्वाचन के दौरान आदर्श आचरण संहिता के उल्लंघन की ऑनलाइन शिकायत कर सकता है। इस मोबाइल एप को स्मार्टफोन के प्ले-स्टोर के जरिए आसानी से इंस्टाल किया जा सकता है। सी-विजिल एप में आदर्श आचरण संहिता के उल्लंघन संबंधी घटना का फोटोग्राफ वीडियो या ऑडियो के माध्यम से शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। इस एप की मदद से आचार संहिता उल्लंघन संबंधी फोटो या 2 मिनट का वीडियो बनाकर अपलोड कर शिकायत कर सकते हैं, जिसके आधार पर निर्वाचन आयोग द्वारा शिकायत करने के 100 मिनट के अंदर कार्यवाही की जाएगी। साथ ही इस मोबाइल एप में शिकायतकर्ता की पहचान बताए बिना भी शिकायत दर्ज कराने का विकल्प है। इसके अलावा जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष में भी दूरभाष नंबर 07868-241019 पर संपर्क कर शिकायत की जा सकती है, साथ ही निर्वाचन से संबंधित आवश्यक जानकारी प्राप्त की जा सकती हैं।

### जल जीवन मिशन के कार्यों में पाइप लाईन की गुणवत्ता अच्छी होनी चाहिए : कलेक्टर

**सारंगढ़-बिलाईगढ़।** कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जल जीवन मिशन कार्यों के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की समीक्षा बैठक ली। कलेक्टर ने प्रगतिरत कार्यों की समीक्षा करते हुए गुणवत्ता बरकरार रखते हुए तय समय पर कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि जिले में जल जीवन मिशन के कार्यों में पाइप लाईन की गुणवत्ता अच्छी होनी चाहिए। कलेक्टर ने कहा कि अगर कार्य में किसी भी प्रकार के बाधा-व्यवधान आ रही है, तो उसके निराकरण के लिए अधिकारियों को अवगत कराएं। जिला प्रशासन द्वारा पूरा सहयोग किया जाएगा। इसके अलावा जिन एजेंसियों के कार्यों में लापरवाही है, उन पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। कलेक्टर साहू ने जल जीवन मिशन अंतर्गत ठेकेदारों से गांवों में पानी के भूजल स्तर और जल स्त्रोत की उपलब्धता और सूखापन, बिजली की व्यवस्था, ट्रांसफार्मर की स्थापना एवं उससे जुड़ी समस्या, टंकी स्थापना, दूरस्थ गांवों में विद्युतीकरण के बारे में जानकारी ली और समय अवधि तक प्रस्तावित कार्यों को पूरा करने के लिए कहा, साथ ही कार्यों को मानिटरिंग अच्छे से करने के निर्देश दिए।

### लोकसभा निर्वाचन के लिए मास्टर ट्रेनर्स को दिया गया द्वितीय प्रशिक्षण

**सूरजपुर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रोहित व्यास के निर्देशन एवं प्रशिक्षण नोडल अधिकारी कमलेश नंदनी साहू मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सूरजपुर तथा उप जिला निर्वाचन अधिकारी नरेन्द्र पैकरा संयुक्त कलेक्टर के मार्गदर्शन में लोकसभा निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत मास्टर ट्रेनर्स को जिला पंचायत सूरजपुर के सभाकक्ष में द्वितीय प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर पी.सी. सोनी प्राचार्य द्वारा मास्टर ट्रेनर की भूमिका, उनके कार्य एवं उत्तरदायित्व, मतदान प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया गया। मास्टर ट्रेनर को यह निर्देशित किया गया कि आप पीठासीन अधिकारी की हस्तपुस्तिका का गंभीरता पूर्वक अध्ययन कर मतदान दलों को कुशलतापूर्वक प्रशिक्षण दें। मतदान दलों द्वारा मतदान प्रक्रिया को सुव्यवस्थित सम्पन्न कराने में मास्टर ट्रेनर की अहम भूमिका होती है।

# केंद्र सरकार की योजनाओं को रोककर कांग्रेस सरकार ने गरीबों का हक मारा: साय

श्रीकंचनपथ न्यूज




**जगदलपुर।** कांग्रेस की सरकार ने सुकमा के विकास की रफ्तार रोक दी थी, यहां के लोगों को केंद्र सरकार की योजनाओं के लाभ से वंचित कर दिया था। भाजपा सरकार ने सुकमा को ग्राम पंचायत से नगर पालिका और जिला बनाकर इसका कायाकल्प कर दिया। लेकिन पिछले पांच सालों में कांग्रेस सरकार ने विकास की रफ्तार रोक दी। केंद्र सरकार ने बस्तर व सरगुजा संभाग के लिए कई योजनाएं बनाई, लेकिन कांग्रेस सरकार ने उन योजनाओं को बंद कर दिया। कांग्रेस ने आदिवासियों को सिर्फ वोटबैंक के रूप में उपयोग किया।

आजादी के बाद के 75 साल में 55 साल तक कांग्रेस की सरकार रही, लेकिन आदिवासियों का विकास नहीं हुआ। इसे समझने की बात है। डबल इंजन की सरकार है, तो विकास तेज रफ्तार से हो रहा है। आने वाले समय में फिर से डबल इंजन की सरकार बनाना है और मोदी जी को प्रधानमंत्री बनाना है।

उक्त बातें प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बस्तर संभाग के सुकमा में आमसभा को संबोधित करते हुए कही। गुरूवार को जिला मुख्यालय सुकमा के मिनी स्टेडियम में भाजपा द्वारा आयोजित आमसभा में शामिल होने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण देव, प्रभारी मंत्री केदार कष्यप, मंत्री ओपी चैधरी, महेश गागड़ा व बस्तर लोकसभा क्षेत्र के भाजपा महेश कश्यप हेलीकाप्टर से सुकमा पहुंचे। हेलीपेड पर कार्यकर्ताओं ने उनका जोशीला स्वागत किया। उसके बाद मिनी स्टेडियम में आमसभा का आयोजन हुआ।

आमसभा को संबोधित करते हुए ओपी चैधरी ने कहा कि भाजपा सरकार में जिले का विकास हुआ है। चाहे सड़क बनाना हो या फिर शिक्षा के क्षेत्र का काम भाजपा सरकार ने किया है। बस्तर पूरा एक जिला हुआ करता था, केरल राज्य से बड़ा जिला हुआ करता था, फिर भी कांग्रेस ने नया जिला बनाने का काम नहीं किया। भाजपा की सरकार ने नए जिले बनाकर विकास की रफ्तार बढ़ाई है। वही प्रदेश अध्यक्ष किरण देव सिंह ने कहा कि सुकमा में जो विकास कार्य दिख रहा है, वह भाजपा की देन है। पांच साल की कांग्रेस सरकार ने कुछ भी नहीं बनाया।

न सड़कों की सुध ली और न ही लोगों की चिंता की। जो जनता के हित में काम करे, उसको वोट देना चाहिए। भाजपा की 90 दिनों की सरकार ने वादे पूरने करने की कोशिश की और पूरा किया है। वहीं पूर्व विधायक महेष गागड़ा ने सभा को संबोधित करते हुए सरकार के विकास कार्यो की जानकारी दी और डबल इंजन सरकार बनाने की बात कही। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष धनीराम बारसे, हुंगाराम मरकाम, अरूण सिंह, सोयम मुक्का, मनोज देव, लीलाधर राठी, नुपूर वैदिक, पीलूराम यादव, संजय सोढ़ी समेत काफी संख्या में भाजपा के नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### नगद मिलेगी तेंदूपत्ता की राशि : केदार

आमसभा को संबोधित करते हुए जिला प्रभारी मंत्री एवं वनमंत्री केदार कश्यपने कहा कि एक समय था जब तेंदूपत्ता की राशि के लिए वनवासी भाईयों को सड़क पर बैठकर धरना देना पड़ता था। उस समय हम लोग भी आए थे। तेंदूपत्ता का बोनस तक नहीं मिला था, लेकिन अब वनवासी भाईयों की सरकार है और मुख्यमंत्री के निर्देश पर सभी को नगद बोनस राशि दी जाएगी । उन्होने कहा कि जिले के दारू मंत्री थे लेकिन उनसे पांच साल का हिसाब मांगोगे, तो बता नहीं पाएंगे। आज जिले का विकास हुआ है, वो सिर्फभाजपा की देन है। बहुत ही कम समय में प्रदेश की विष्णु देव साय सरकार ने मोदीजी की गारंटी को पूरा किया है। माताओं व बहनों के खाते में महतारी वंदन योजना की राशि पहुंच गई, किसानों को धान का बोनस मिल गया। गरीब को छत मिल गई और रोजगार के संसाधन बढ़ गए। आजादी के बाद या पिछले पांच साल में कांग्रेस ने प्रदेश में सारी योजनाओं को बंद कर दिया था। लेकिन मोदी की गारंटी और विष्णु देव का सुशासन आ गया है। आप सभी के सहयोग से आने वाले दिनों में डबल इंजन की सरकार फिर से बनेगी।

# पीएम मोदी के 400 पार का लक्ष्य कार्यकर्ताओं के सामर्थ्य से पूरा होगा : विजय शर्मा



श्रीकंचनपथ न्यूज

**कवर्धा।** लोकसभा चुनाव को लेकर सभी पार्टियों ने चुनाव प्रचार तेज कर दिया है। एक ओर जहाँ भारतीय जनता पार्टी ने छत्तीसगढ़ की सभी 11 सीटों पर अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है, वहीं कांग्रेस अभी भी 5 सीटों पर प्रत्याशी के लिए मंथन कर रही है। इसी कड़ी में गुरुवार को पंडरिया विधानसभा में विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मलेन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हजारों की संख्या में कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 400 पार के लक्ष्य को हासिल करने का संकल्प किया तो वहीं पार्टी के नेताओं ने कार्यकर्ताओं को संबोधित कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, राजनांदगांव लोकसभा प्रत्याशी संतोष पाण्डेय, पंडरिया विधायक भावना बोहरा, जिला अध्यक्ष अशोक साहू सहित वरिष्ठ नेता और पदाधिकरी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि पिछले 5 वर्षों में छत्तीसगढ़ जिस कुशासन,अराजकता और भ्रष्टाचार के दलदल में धंस रहा था उससे जनता भलीभांति परिचित थी और विधानसभा चुनाव में उन्होंने अपने मताधिकार से इसका जवाब दिया और छत्तीसगढ़ में सुशासन का सूर्योदय किया। आज महज 100 दिनों के अन्दर छत्तीसगढ़ की डबल इंजन की भाजपा सरकार ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में जो अभूतपूर्व कार्य किये हैं वो छत्तीसगढ़ में फिर से खुशहाली और जनता की समृद्धि के लिए नए अवसर लेकर आएगा।

सांसद संतोष पाण्डेय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजनांदगांव के विकास और जन सुविधा के लिए कई विकास कार्यों की सौगात दी है। आवास योजना,उज्ज्वला योजना, ड्रोन दीदी, लखपति दीदी, आयुष्मान भारत जैसी योजनाओं के साथ ही वन्दे भारत एक्सप्रेस, डोंगरगढ़ मंदिर को प्रसाद योजना के तहत शामिल करना, छत्तीसगढ़ का पहला दिव्यांगजन कौशल केंद्र के साथ ही सड़कों का जाल बिछाने का ऐतिहासिक कार्य किया है।

# मतदान करना अधिकार ही नहीं बल्कि हमारा कर्तव्य है : कलेक्टर

श्रीकंचनपथ न्यूज



**बलौदाबाजार।** कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी के.एल चौहान आज जिला मुख्यालय स्थित पं.चक्रपाणि शुक्ल उ.मा. विद्यालय में स्कूल शिक्षा विभाग एवं पंचायत विभाग की और से आयोजित मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ दिव्या अग्रवाल भी उपस्थित रही। लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदान करने मतदाताओं को जागरूक करने के लिए स्कूली बच्चों के मध्य विकासखण्ड स्तरीय पोस्टर, ड्राइंग व रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें 20 स्कूलों के 250 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इस दौरान स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा आकर्षक रंगोली का निर्माण किया गया। कलेक्टर चौहान ने जिले में शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए सभी को शपथ दिलाई। साथ ही बच्चों द्वारा मतदान के अधिकार एवं मतदान के महत्व के संबंध में बनाए गए पोस्टर, ड्राइंग एवं रंगोली की तारीफ की। उन्होंने बच्चों को लोकसभा निर्वाचन में अपने और अपने परिवार के अन्य सदस्यों को मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया।

कलेक्टर ने कहा कि मतदान करना अधिकार ही नहीं बल्कि हमारा कर्तव्य है, इसका प्रयोग जरूर करना चाहिए। उन्होंने कहा कि मतदान केन्द्र में जाकर मतदान अनिवार्य रूप से करना चाहिए। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदान करने जो व्यक्ति बूथ तक जाने में सक्षम नहीं है, उनके लिए होम वोटिंग की सुविधा भी दी गई है। उन्होंने कहा कि हमें अपने साथ अपने परिवार, आस-पास के लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करना चाहिए और उन्हें मतदान के महत्व के संबंध में भी बताना चाहिए। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में एक-एक वोट के महत्व है। इस अवसर पर आयोजित प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर पुरस्कृत किया। जिला पंचायत सीईओ दिव्या अग्रवाल ने कहा कि शहरीय क्षेत्र में मतदान का प्रतिशत कम रहता है।

# जिले के मतदान केंद्रों में मतदाताओं की सुविधा के लिए रहेगी उत्तम व्यवस्थाएं

श्रीकंचनपथ न्यूज



**गरियाबंद।** जिले में लोकसभा निर्वाचन 2024 सफ लता पूर्वक संपन्न कराने के उद्देश्य से जिले में तैयारियां शुरू हो चुकी है।भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले के प्रत्येक मतदान केन्द्रों में सुनिश्चित न्यूनतम सुविधाएं (एएमएफ) विकसित की जा रही है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक अग्रवाल के मार्गदर्शन में प्रत्येक मतदान केन्द्रों पर सुनिश्चित न्यूनतम सुविधाएं के तहत् दिव्यांग,वृद्धजन एवं निःशक्त मतदाताओं हेतु प्रत्येक मतदान केन्द्र पर अच्छी हालत की पर्याप्त संख्या में व्हील चेयर की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है।

दिव्यांग मतदाताओं की सुविधा के दृष्टिगत प्रत्येक मतदान केंद्र भूतल पर व्यवस्था की जा रही है। साथ ही मतदान केंद्र भवन तक पहुंचने के लिए अच्छी स्थिति में पहुंच योग्य सड़क सुनिश्चित की जा रही है।मतदान केंद्र पर सुनिश्चित न्यूनतम सुविधाएं के तहत पीने का पानी, प्रतीक्षा शेड,पानी की सुविधा के साथ दिव्यांग मतदाताओ के अनुकुल शौचालय,प्रकाश की पर्याप्त व्यवस्था,दिव्यांग मतदाताओं के लिए उचित ढाल का स्थायी रैंप और निर्धारित मानकों के अनुसार मतदान कक्ष निर्मित की जा रही है। मतदान दिवस को दिव्यांग और वरिष्ठ नागरिक मतदाताओं के सहयोग हेतु एनएसएस, एनसीसी,स्काउट गाइड के स्वयंसेवकों की नियुक्ति कर मतदान केन्द्र में उनके सहयोग हेतु सेवाएं ली जायेगी। मतदान केंद्र पर मतदान हेतु आने वाले दिव्यांग एवं 80 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के वरिष्ठ नागरिक मतदाताओं को कतार से मुक्ति देते हुए मतदान हेतु वरियता प्रदान किया जायेगा।मतदान कक्ष में दिव्यांग मतदाताओं की विशेष जरूरतों के संबंध में मतदान कर्मियों को संवेदनशील बनाने हेतु उन्हे प्रशिक्षण दिया जायेगा।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिव्यांग मतदाताओं की सुविधा के लिए सक्षम एप्प का निर्माण किया गया है। आयोग के निर्देशानुसार मतदान तिथि को मांगे जाने पर दिव्यांग एवं 80 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के वरिष्ठ नागरिक मतदाताओं को उनके घर से लाने एवं मतदान पश्चात उन्हें वापिस उनके घर तक छोड़ने हेतु निःशुल्क परिवहन सुविधा उपलब्ध कराया जायेगा।निर्वाचन संचालन नियम,1961 के नियम 49एन के प्रावधान के परिपालन में मतदान केंद्र पर दृष्टिबाधित व्यक्ति को अपने साथ सहयोगी के रूप में एक साथी को ले जाने हेतु अनुमति रहेगी।मतदान केंद्रों पर दृष्टिबाधित मतदाताओं की सुविधा हेतु ब्रेल लिपि में डमी मतपत्र मुद्रित कराकर रखा जायेगा एवं मांगे जाने पर संबंधित मतदाता को उपलब्ध कराया जायेगा।दृष्टिबाधित मतदाताओं की सुविधा हेतु ईवीएम मशीन पर ब्रेल लिपि में मुद्रित प्रत्याशियों का नाम मुद्रित कराया जायेगा। मतदान केंद्र पर स्थापित होने वाले मतदाता सहायता बूथ की जानकारी दिव्यांग मतदाताओं को देने हेतु साइनेज चस्पा किया जायेगा।

दिव्यांग एवं 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ष के वरिष्ठ मतदाताओं में से इच्छुक अनुपस्थित मतदाताओं के द्वारा फॉर्म-12डी के माध्यम से विकल्प देने की स्थिति में उन्हे पोस्टल बैलेट के माध्यम से घर से ही मतदान की सुविधा प्रदान किया जायेगा।कलेक्टर श्री अग्रवाल ने उपरोक्तानुसार कार्यवाही सुनिश्चित कराने हेतु जिलें में उप संचालक समाज कल्याण विभाग को जिला निःशक्तता समन्वयक बनाया है।

# विशाल मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन

श्रीकंचनपथ न्यूज




**बालोद।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के दौरान बालोद जिले में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल के निर्देशानुसार जिले में निरंतर मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज विकासखण्ड मुख्यालय गुण्डरदेही के बैडमिंटन हॉल मैदान में आज विशाल मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में पद्म शमशाद बेगम, कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल, सीईओ जिला पंचायत डॉ. संजय कन्नौजे सहित अन्य अतिथिगण उपस्थित थे। इस अवसर पर बड़ी संख्या में उपस्थित आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के अलावा ग्रामीणों, महिलाओं एवं आम नागरिकों ने विशाल मानव श्रृंखला का निर्माण कर आम लोगों को सभी प्रकार के निर्वाचनों में अनिवार्य रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग करने का संदेश दिया। इस दौरान अतिथियों द्वारा नए एवं बुजुर्ग मतदाताओं के अलावा नव विवाहिताओं को सम्मानित कर उन्हें सभी प्रकार के निर्वाचनों में अनिवार्य रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील भी की गई। इस अवसर पर अतिथियों एवं कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों एवं आम नागरिकों के द्वारा बैडमिंटन हॉल मैदान में स्थापित किए गए ''वचन मतदान का'' फ्लैक्स में हस्ताक्षर कर सभी प्रकार के निर्वाचनों में अनिवार्य रूप से अपने मताधिकार प्रयोग करने का वचन दिया। कार्यक्रम में जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने लोकतांत्रिक व्यवस्था में मताधिकार के महत्व की जानकारी देते हुए उपस्थित लोगों को सभी प्रकार के निर्वाचनों में अनिवार्य रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलाई।

इस अवसर पर पद्म मती शमशाद बेगम ने मताधिकार के प्रयोग को देश के प्रत्येक नागरिकों का अनिवार्य कर्त्तव्य बताते हुए सभी मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की। इस अवसर पर उन्होंने मतदाता जागरूकता पर आधारित सुमधुर गीत की प्रस्तुति कर जिले के प्रत्येक नागरिकों को आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के दौरान अनिवार्य रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग करने का संदेश दिया। कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने लोकतंत्र में मताधिकार के महत्व की जानकारी देते हुए कहा कि निर्वाचन के दौरान अपने मताधिकार का प्रयोग करना देश के प्रत्येक नागरिकों का अधिकार ही नहीं अपितु कर्तव्य भी है। उन्होंने कहा कि हमारे देश के लोकतंत्र को और अधिक मजबूत एवं सशक्त बनाने हेतु देश के प्रत्येक नागरिकों को अपने मताधिकार का प्रयोग करना अत्यंत आवश्यक है। लोकसभा आम निर्वाचन के दौरान जिले के प्रत्येक मतदाताओं को अनिवार्य रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग कर बालोद जिले में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराने में अपने अमूल्य सहभागिता सुनिश्चित करने को कहा।

# रंगभरी एकादशी पर्व पर भगवान श्रीकृष्ण की शोभायात्रा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**राजनांदगांव।** प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी रियायत कालीन परम्परागत भगवान श्री जगन्नाथ मंदिर बड़े जमात से आमलकी रंगभरी एकादशी पर्व पर बुधवार 20 मार्च 2024 को भव्य शोभायात्रा निकाली गई , जिसमें भक्त जनों द्वारा भगवान श्री राधाकृष्ण जी को गुलाल लगाकर होली उत्सव प्रारंभ हुआ। शोभायात्रा के सामने भगवान हनुमान जी के प्रतीक निशान लेकर भक्त जन , जसपार्टी के सदस्य फाग गीत , भजन गाते शहर भ्रमण किये। रानी मंदिर समिति छुईखदान के संरक्षक लाल जे. के. वैष्णव ने जानकारी दी कि शोभायात्रा में शहर के भक्तजन अपने घरों के सामने भगवान श्री राधे कृष्ण जी को सर्वप्रथम गुलाल लगाकर श्रीफ ल भेंटकर आरती किये। इस अवसर पर कुंवर देवराज किशोर दास ,पं विनय ?तिवारी, पं अश्वनी त्रिपाठी , संजय लल्ला , आलोक बक्शी,राजकुमार वैष्णव, राजु यादव,अनिल चन्द्राकर ,शैलेन्द्र तिवारी पत्रकार ,शिवेन्द्र किशोर दास अधिवक्ता , लाल मनोज वैष्णव , पन्ना मंडावी पार्षद,शंकर लाल मंदिर सेवक,लल्ला जितेन्द्र वैष्णव, दिनेश महोबिया , मानिक श्रीवास, प्रेमकिशन राधे , प्रिंसी सार्वा,सुमन सार्वा, कुंजूबाई कौशल्या देवी , कमलेश यादव, शरद डब्बू श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में भक्त जन शामिल रहे । शोभायात्रा पश्चात जगन्नाथ मंदिर में भगवान श्री राधे कृष्ण जी को राजपरिवार के श्रीमती लतारानी लाल जे के वैष्णव , लाल श्रीधर वैष्णव ने रंग गुलाल लगाकर विधिवत पूजन किया। छोटे बच्चों में विशेष कर बाल गोपाल भगवान को रंग लगाकर एक दूसरे के साथ होली खेलने का आनंद बहुत प्रशंसनीय रहा।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं महिलाओं ने ली मतदान की शपथ

**कांकेर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अभिजीत सिंह के निर्देश पर तथा स्वीप के नोडल अधिकारी सुमित अग्रवाल (सीईओ जिला पंचायत) के मार्गदर्शन में जिले में स्वीप के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में आज ग्राम हाटकर्रा में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीण महिलाओं को महिला एवं बाल विकास विभाग के पर्यवेक्षक द्वारा आगामी लोकसभा निर्वाचन में अनिवार्य रूप से मतदान हेतु शपथ दिलाई गई। इस दौरान बड़ी संख्या में गांव की महिलाओं ने मानव श्रृंखला बनाकर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया। इसी तरह नेहरू युवा केन्द्र के वॉलिंटियर्स के द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत स्थानीय बालिका छात्रावास में मतदान के महत्व पर आधारित चित्रकला प्रतिस्पर्धा आयोजित की गई।

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़कों की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किड्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

## खास खबर

### देवर-भाभी ने एक फंदे पर फांसी लगाकर दी जान

**कोरबा।** जिले के पसान थानाक्षेत्र के ग्राम पंचायत बैरा के आश्रित मोहल्ला उदरदा देवर-भाभी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। गांव से महज कुछ दूरी पर दोनों के शव पेड़ पर एक ही फंदे से लटके मिले। पुलिस और परिजन प्रेम-प्रसंग की आशंका जता रहे हैं।

मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार की सुबह ग्राम पंचायत बैरा के ग्रामीण खेत में काम करने के लिए जा रहे थे। इसी दौरान उन्होंने गांव से कुछ ही दूरी पर एक महिला व एक पुरूष की लाश फांसी के फंदे पर लटकती हुई देखी। मृतकों की पहचान गांव के ही उमेंद्र गोंड (27) और कलावती (34) के रूप में की गई। जिसके बाद इसकी सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलने पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और शव नीचे उतरवाकर का पंचनामा कर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजवा दिया। बताया जा रहा है कि दोनों शादीशुदा है। उमेंद्र मृतका कलावती का चचेरा देवर था तथा उसके तीन बच्चे है साथ ही कलावती के भी तीन बच्चे हैं। मृतका कलावती का पति रोजी मजदूरी और खेती किसानी का काम करता है। गुरूवार की सुबह जब वो उठा और पत्नी नहीं दिखी, तो सोचा कि कहीं गई होगी। लेकिन कुछ देर बाद उसे सूचना मिली कि पत्नी और भाई ने फांसी लगा ली है। मामले में परिजनों ने दोनों के बीच प्रेम-प्रसंग की आशंका जाहिर की है। फिलहाल पुलिस सभी एंगल से मामले की जांच कर रही है।

### 29 पौवा अंग्रेजी शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार




**रायपुर।** शहर की कोतवाली थाना पुलिस ने अवैध शराब बिक्री करने वाले एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 29 पौवा अंग्रेजी शराब जब्त कर आरोपी के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्रवाई किया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार गुरूवार को थाना सिटी कोतवाली पुलिस को सूचना मिली कि थाना सिटी कोतवाली क्षेत्रांतर्गत नरैय्या तालाब सुलभ के पास एक व्यक्ति एक सफेद रंग का प्लास्टिक की बोरी में शराब बिक्री करने के लिये ग्राहक की तलाश में जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन व थाना प्रभारी सिटी कोतवाली के नेतृत्व में थाना सिटी कोतवाली पुलिस की टीम द्वारा मुखबीर द्वारा बताए हुलिए के व्यक्ति को चिन्हांकित कर पकड़ा गया ,जो पुलिस को देखकर छिपने लगा, जिसे घेराबंदी कर पकडा गया। टीम के सदस्यो के द्वारा पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम गोपी सागर पिता विक्रम सागर उम्र 24 साल निवासी नेहरू नगर उत्कल सामुदायिक भवन के पास थाना सिटी कोतवाली रायपुर का होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा उसके पास रखें प्लास्टिक बोरी का तलाशी लेने पर बोरी में 29 पौवा बेस्टो अंग्रेजी शराब रखा मिला। शराब रखने के संबंध में वैध दस्तावेज की मांग करने पर उनके द्वारा किसी प्रकार का कोई दस्तावेज नही होना बताया। जिस पर आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध रूप से रखे 29 पौवा बेस्टो अंग्रेजी शराब जप्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना सिटी कोतवाली में धारा 34(2) आबकारी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर ब किया गया।

# चक्काजामः हादसे के बाद फूटा लोगों का गुस्सा

## अवंतिबाई चौक पर लगी लोगों की भीड़, मृतक मणिराम के परिजनों ने मांगी नौकरी और मुआवजा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** बुधवार की रात को सुपेला गदा चौक से कोहका के बीच हुए हादसे में मृत मणिराम के परिवार को न्याय दिलाने लोगों का आक्रोश फूट पड़ा। गुरुवार दोपहर को मृतक के परिजनों व लोगों ने मिलकर अंवतिबाई चौक पर चक्काजाम कर दिया। मृतक के परिजनों के समर्थन में लोगों ने की मांग थी कि उनके परिवार के किसी एक सदस्य को नौकरी दी जाए और परिवार को आर्थिक मदद के लिए 10 लाख का मुआवजा दिया जाए।

बता दें बुधवार रात 10 से 11 बजे के बीच गदा चौक सुपेला से कोहका की ओर स्कूटी में जा रहे मणिराम को सामने से आ रही तेज रफ्तार पिकअप ने ठोकर मार दी। इस हादसे में मणिराम की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं स्कूटी सवार रूप राम गंभीर रूप से घायल हो गया जिसका अस्पताल में इलाज जारी है। मृतक मणिराम टेंट का सामान पहुंचाने कोहका जा रहा था तभी यह हादसा हुआ। मणिराम के



परिवार में चार बेटियां व एक बेटा है और इनके मृत होने से परिवार पर आर्थिक संकट आ गया है। हादसे के बाद आरोपी चालक फरार हो गया। वहीं इस हादसे के बाद गुरुवार को अवंतिबाई चौक कोहका में लोगों ने चक्काजाम कर दिया।

### आरोपी को कड़ी सजा और परिजनों के लिए मुआवजे की मांग

चक्काजाम के दौरान लोगों का आक्रोश



इतना था कि पूरी सड़क को महिलाओं ने श्रृंखलाबद्ध होकर घेर लिया। वहीं बीच सड़क पर परिजनों के साथ लोग नारेबाजी करने लगे। मृतक की बेटियों का कहना था कि उनके सिर से पिता का साया छिन गया और उन पर आर्थिक संकट भी आ गया है। पिता की मौत के जिम्मेदार पिकअप चालक को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग के साथ ही इन लोगों ने उचित मुआवजा व परिवार के किसी एक सदस्य को नौकरी देने की मांग की। मौके पर मौजूद भीड़ ने भी इनकी मांगों का समर्थन किया। लोग जब तक लिखित आश्वासन नहीं मिल जाता तब तक चक्काजाम नहीं खालने की जिद पर अड़े रहे।

### 25000 रुपए की तात्कालिक सहायता राशि दी

चक्काजाम की सूचना के बाद पुलिस के साथ जिला प्रशासन के अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए। लोगों को काफी समझाइश दी गई लेकिन को कोई हटने को तैयार नहीं था। मौके पर पहुंची एसडीएम लोकेश ध्रुव ने तात्कालिक सहायता के तौर पर 25000 रुपए दिए। इसके साथ ही परिवार के किसी एक सदस्य को संविदा पर दैनिक वेतनभोगी के रूप में नौकरी देने का आश्वासन दिया। साथ ही सरकार की ओर से दिए जाने वाले मुआवजे का भी आश्वसन दिया। एसडीएम द्वारा दिए गए आश्वासन के बाद लोगों ने चक्काजाम समाप्त किया। इस दौरान लगभग तीन घंटों तक सड़क पर जाम की स्थिति बनी रही।

# दो महिला अधिकारियों के बीच तू-तू-मैं-मैं

## लोकसभा चुनाव में चेक पोस्ट नहीं बनाने पर शोकॉज नोटिस

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में दो महिला अफसरों के बीच जुबानी जंग हो गई। दरअसल, कलेक्टर ने लोकसभा चुनाव के लिए अफसरों को जिम्मेदारियां दी है। तखतपुर एसडीएम ज्योति पटेल ने पीडब्यूडी के एसडीओ प्रियंका मेहता को चेक पोस्ट बनाने का जिम्मेदारी दी गई है। बताया जा रहा है कि चेक पोस्ट बनाने को लेकर ही दोनों महिला अफसरों के बीच जोरदार बहस हो गई। जिसके बाद एसडीएम ने दुर्व्यवहार करने का आरोप लगाते हुए कलेक्टर से शिकायत कर दी। अब कलेक्टर ने चुनाव कार्य में लापरवाही बरतने के आरोप में पीडबल्यूडी एसडीओ को नोटिस जारी कर 24 घंटे के भीतर जवाब मांगा है।

लोकसभा चुनाव के लिए आचार संहिता लागू होते ही जिला निर्वाचन अधिकारी व कलेक्टर अवनीश शरण ने राजस्व विभाग के साथ ही सभी विभागों के अफसरों को जिम्मेदारियां दी है। चुनाव के दौरान संपत्ति विरूपण कार्रवाई व जांच के लिए चेक पोस्ट बनाया जाना है, जिसकी जवाबदारी पीडब्ल्यूडी को दी गई है।

कलेक्टर के निर्देश पर जिले के सभी तहसील व थानों में चेक पोस्ट बनाकर




जांच की जानी है। तखतपुर एसडीएम ज्योति पटेल ने पीडब्ल्यूडी के एसडीओ प्रियंका मेहता के खिलाफ प्रतिवेदन भेजा है, जिसमें कहा गया है कि एसडीओ ने निर्देशों की अवहेलना करते हुए चेक पोस्ट पर जरूरी व्यवस्थाएं नहीं की है, जिसके लिए उनसे बात करने पर अनुचित शब्दों का प्रयोग करते हुए दुर्व्यवहार किया है।

### एसडीएम ने लिखा- चुनाव कार्य करने से किया इंकार

एसडीएम ज्योति पटेल ने कलेक्टर को लिखे पत्र में बताया है कि लोकसभा निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण एवं अनिवार्य कार्य को पीडब्ल्यूडी एसडीओ ने करने से इंकार किया है। उनका यह कृत्य कृत्य लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 28 क के प्रावधान के खिलाफ है। छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 03 के तहत गंभीर कदाचरण की श्रेणी में आता है, जो छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के तहत दण्डनीय है। इस प्रतिवेदन के आधार पर कलेक्टर ने एसडीओ मेहता को नोटिस जारी कर 24 घंटे के भीतर जवाब मांगा है।

### एसडीओ बोलीं- बारिश के चलते नहीं बना था चेक पोस्ट

इधर, पीडब्ल्यूडी विभाग की एसडीओ प्रियंका मेहता का कहना है कि पिछले तीन दिनों से बारिश हो रही थी और मौसम खराब था। जिसके चलते चेक पोस्ट बनाने में लेट हुआ। बुधवार को चेक पोस्ट बनाकर सभी व्यवस्थाएं कर दी गई है। वहीं, एसडीएम तत्काल चेक पोस्ट बनाने पर अड़ी थी। उनका फोन आया तब सामान्य बातचीत हुई है। किसी तरह का दुर्व्यवहार नहीं किया गया है। चुनाव कार्य उनकी प्राथमिकता में है। नहीं करने का सवाल ही नहीं है।

### नशीले टैबलेट के साथ तीन आरोपी गिरफ्तार

**कोरबा।** शहर की कोतवाली थाना पुलिस ने साइबर सेले की टीम के साथ मिलकर अवैध प्रतिबंधित नशीली टेबलेट की बिक्री कर रहे तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 338 नग प्रतिबंधित टेबलेट तथा 5400 नगदी रकम जब्त कर उनके खिलाफ धारा 21 बी एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार थाना कोतवाली व साइबर सेल की टीम को मुखबिर सो सूचना मिली कि अग्रसेन चौक के पास तीन संदिग्ध लड़के भारी प्रदीप राव पिता टोकेश राव उम्र 20 वर्ष साकिन रामसागर पारा कोरबा, साहिल सागर पिता स्वर्गीय सुनील सागर उम्र 22 वर्ष राम सागर पर कोरबा तथा देव प्रसाद सतनामी पिता स्वर्गीय सुखदेव सतनामी उम्र 24 वर्ष साकिन दर्री रोड कोरबा को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से अवैध एवं प्रतिबंधित टैबलेट कुल 338 नग तथा 5400 नगदी एवं तीन नग मोबाइल जप्त किया गया। मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 21 बी एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

# सरकारी नौकरी मिलते ही प्रेमिका ने दिया धोखा, भड़के प्रेमी ने की हत्या

**गरियाबंद-रायपुर।** शासकीय नौकरी मिलने के बाद अपने प्रेमी से किनारा कर दूसरे युवक से दोस्ती रखने वाली सीएचओ की उसके प्रेमी ने हत्या कर दी। मामला फिंगेश्वर थाना क्षेत्र के ग्राम बासिन का है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

सूत्रों ने बताया कि मृतका आराधना साहू 27 वर्ष की शासकीय नौकरी लग गई थी। इसके पूर्व उसका आरोपी श्याम साहू से प्रेम प्रसंग चल रहा था। नौकरी मिलने के बाद वह श्याम से दूरी बनाकर चल रही थी। इसके अलावा श्याम को अनाचार के एक मामले में फंसा कर जेल भिजवा दिया था। इन सभी बातों से आरोपी भड़का हुआ था। बताया जाता है कि दोनों के बीच 8 साल से प्रेम संबंध था। अपनी उपेक्षा से भड़के श्याम ने मृतका आराधना की धारदार हथियार मारकर हत्या कर दी। वारदात के बाद आरोपी खेत में घुस गया और



खुदकुशी के लिए जहर मांग रहा था। ग्रामीणों ने उसे पकड़ लिया और पीट-पीटकर पुलिस को सौंप दिया था। आराधना रायपुर के मठपुरैना की रहने वाली थी और सिर्रीकला (गरियाबंद) अस्पताल में पदस्थ थी। पुलिस पूछताछ में आरोपी श्याम ने बताया कि दोनों एक-दूसरे से प्यार करते थे, लेकिन सरकारी नौकरी मिलने के बाद आराधना ने धोखा दे दिया। वह कई दिनों तक मनाने की कोशिश करता रहा, लेकिन आराधना ने रेप केस में फंसाकर जेल भिजवा दिया। श्याम ने पुलिस को बताया कि जेल से छूटने के बाद भी उसने आराधना को मनाने का प्रयास किया, लेकिन वह नहीं समझी। इसके चलते उसने आराधना की हत्या कर दी।


### ट्रैक्टर की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौत

कोरबा। रिस्दी के पास रेत से भरे ट्रैक्टर की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सिविल लाइन थाना रामपुर पुलिस अंतर्गत यह घटना गुरूवार की है। बताया जा रहा है कि संजीव कुमार साहू 35 वर्ष सुबह प्रथम पाली में ड्यूटी करने बाल्को जा रहा था। इस दौरान रेत से भरे ट्रैक्टर चालक ने लापरवाही पूर्वक गाड़ी चलाते हुए संजीव को अपनी चपेट में ले लिया, गंभीर रूप से चोट लगने पर संजीव की स्थल पर ही मौत हो गई। इस बीच किसी ने डायल 112 और सिविल लाइन थाना पुलिस को घटना की जानकारी दी और आनन फानन में उसे जिला अस्पताल ले गए, पर डाक्टरों ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। संजीव कुमार मूलतरू ओडिशा का रहने वाला था और वर्तमान में कोरबा के रिस्दी में रह कर बालको के वेदांता कंपनी में काम करता था। संजीव के कंपनी के साइड इंचार्ज अनिश सिंह ने बताया कि उसे फोन पर घटना की जानकारी मिली। जब वह घटना स्थल पहुंचा तो उसे जिला मेडिकल कालेज अस्पताल के लिए रवाना कर दिया गया था। घटना की सूचना संजीव के स्वजनों को दे दी है। बताया जा रहा है कि संजीव का तीन साल पहले ही शादी हुई थी और उसका दो माह का एक बेटा भी है। घटना के बाद से ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया। सिविल लाइन थाना पुलिस ने फरार ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# 31 पशुओं को बुचड़खाना ले जा रहे 9 आरोपी गिरफ्तार

**कोरबा।** जिले की कटघोरा थाना पुलिस ने पशुओं की हत्या के लिए बुचड़खाना ले जा रहे नौ आरोपियों को पकड़कर उनके कब्जे से 26 नग गाय, 2 बछड़ा और 3 बैल को बरामद किया है। मामलें में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ छत्तीसगढ़ कृषिक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 की धारा 06, 10 एवं पशुओं के प्रति क्रूरता का निवारण अधिनियम 1960 की धारा 11 के तहत गिरफ्तार किया है।

मिली जानकारी के अनुसार पुलिस



अधीक्षक कोरबा सिद्धार्थ तिवारी द्वारा क्षेत्र में अवैध गतिविधि के विरुद्ध सख्त कार्यवाही करने के संबंध में दिए गए निर्देशों के परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नेहा वर्मा एवं अनुविभागीय पुलिस अधिकारी पंकज ठाकुर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी द्वारा अपने मातहत कर्मचारियों के साथ त्वरित कार्यवाही करते हुए 20 मार्च को ग्राम अमलडीहा के ग्रामीणों द्वारा सूचना दी गई थी कुछ लोग मवेशियों को क्रूरता पूर्वक मारते पीटते हुए बूचड़खाना ले जाने हेतु लेकर जा रहे है।

सूचना पर थाना कटघोरा के पुलिस टीम द्वारा तत्काल रेड कार्यवाही करते हुए जशपुर जिला के रहने वाले 6 व्यक्ति और कोरबा जिले के रहने वाले 03 व्यक्ति को पकड़ा गया तथा उनके पास से 26 नग गाय, 2 बछड़ा और 3 बैल को बरामद कर पशुओं के संबंध में वैध दस्तावेज पेश करने नोटिस दिया गया जिनके द्वारा मवेशियों को बूचड़खाना ले जाना बताने पर आरोपियों के खिलाफ छत्तीसगढ़ कृषिक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 की धारा 06, 10 एवं पशुओं के प्रति क्रूरता का निवारण अधिनियम 1960 की धारा 11 के तहत गिरफ्तार कर रिमांड तैयार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें
9303289950, 9827806026
8962815243

## नकाब के पीछे के छुपे चेहरों का पुलिस ने किया खुलासा, हत्थे चढ़े तीन आरोपी

# बुजुर्गों को टारगेट कर चैन स्नेचिंग की घटना को देते थे अंजाम

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** राजधानी रायपुर की एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट की टीम ने पुलिस के साथ मिलकर तीन चेन स्नेचरों को गिरफ्तार किया है। शातिर चेन स्नेचर शहर में मॉर्निंग वॉक पर निकली महिलाओं को टारगेट करते थे। खासबात यह है कि पकड़े गए चेन स्नेचरों में से एक खुद को बड़ा पत्रकार व वकील बाताता है। उसने अपनी लंबी चौड़ी फेसबुक प्रोफाइल बना रखी है और नेताओं के साथ फोटो खिंचवाकर अपलोड़ किया हुआ है। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ़्तार पांच मामलों का खुलासा किया है।

शहर में लगातार बढ़ रही चेन स्नेचिंग की घटनाओं को देखते हुए जिले के एसपी ने एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट



और पुलिस की एक स्पेशल टीम का गठन किया। चेन स्नेचिंग की शिकायतों पर जांच करते हुए तथा सीसी टीवी फुटेज की मदद से पुलिस ने एक संदेही सर्वेश दुबे को हिरासत में लिया। सर्वेश पुलिस रिकार्ड में पहले से आदतन अपराधी के तौर पर रजिस्टर्ड है और पहले भी चेन स्नेचिंग के मामलों में जेल जा चुका है। पुलिस ने जब उससे पूछताछ की तो उसने कृष्ण कुमार मेश्राम और कैलाश यादव का नाम बताया और सभी ने मिलकर हाल के दिनों में चेन स्नेचिंग की घटनाओं को अंजाम देना बताया।

### पहले वाहन चुराए फिर लग गए चेन चुराने

पुलिस पूछताछ में पता चला कि तीनों शातिर पूरी प्लानिंग के साथ चेन स्नेचिंग करते थे। पहले तीनों ने अलग अलग ठिकानों ने तीन गाड़ियां चुराई जिन्हें यह चेन स्नेचिंग की घटनाओं में इस्तेमाल करते थे। इनका टारगेट मॉर्निंग वॉक पर निकली बुजुर्ग महिलाएं होती हैं। पहले पीछा करते और मौका मिलते ही चेन खींचकर फरार हो जाते। कोई इन्हें पहचान न ले इसके लिए तीनों चेहरों को पूरी तरह से ढक लेते थे। चेन चुराने के बाद इसे मुथूट फाइनेंस में गिरवी रखकर पैसा ले लेते। इस तरह लगातार पांच वारदातों को अंजाम दिया और आखिरकर पुलिस की गिरफ्त में आ गए।

### आरोपी कृष्णा मेश्राम की नेताओं के साथ फोटो

इनमें एक आरोपी कृष्ण कुमार मेश्राम काफी शातिर किस्म का चोर है। इसने फेसबुक पर लंबा प्रोफाइल बना रखा है। कृष्णा मेश्राम खुद को एक अखबार का ब्यूरो प्रमुख व पत्रकार बताता है। साथ ही अपने आप को वकील बताता है और पत्रकारों के एक संगठन का पदाधिकारी भी बताता है। इसके साथ ही इसके खिलाफ कई मामले भी दर्ज हैं और पहले भी यह जेल जा चुका है। आरोपी प्रोफाइल को देखकर किसी भी विश्वास नहीं होगा कि यह एक शातिर चोर है।

भिलाई की सबसे बड़ी
चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

दुल्हन बैंगल्स & फैंसी
RAKESH SINGH
Mob.-9840760388
7987759030
Specialist : Wedding mix match bangles, Glass bangle, Plastic bangle. Saree pin, Bindi, Rubber Band. Bracelet, Butter Fly, Ear ring and many more
पुष्पांजलि स्वीट्स के बाजू में, कृष्णा टाकिज रोड, रिसाली, भिलाई

भारतीय बैग हाउस
VIP happy journey
AMERICAN TOURISTER
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता : 93003-77572

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध | Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

## खास - खबर

### सिंटर प्लांट-2 में विशेष स्वच्छता अभियान

**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के सिंटर प्लांट-2 विभाग में 19 मार्च 2024 को विषेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। विभाग के परिक्षेत्र को स्वच्छ बनाए रखने हेतु 'स्वच्छता ही सेवा' के तहत मुख्य महाप्रबंधक अनूप कुमार दत्ता के नेतृत्व में सभी कर्मचारियों द्वारा सिंटर प्लांट-2 भवन परिसर में सामूहिक रूप से श्रमदान किया गया। सर्वप्रथम मुख्य महाप्रबंधक अनूप कुमार दत्ता द्वारा सभी कर्मचारियों स्वच्छता शपथ दिलाई गई। श्री दत्ता ने अपने उदबोधन में कहा कि अपने घर से लेकर कार्यस्थल तक साफ-सफई का ध्यान रखना चाहिए। स्वच्छता की आवश्यकता सर्वोपरि मानकर कार्य करें तथा स्वच्छता को अपनी आदत में शामिल कर अपने आसपास के लोगों को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक करें। इस अवसर पर उपस्थित महाप्रबंधक जगेंद्र कुमार, महाप्रबंधक उमेश अवधिया, महाप्रबंधक सुकुमारन सुनोव, महाप्रबंधक राहुल बिजुरकर, महाप्रबंधक जयदेव दास तथा कार्मिक अधिकारी के जोत कुमार सहित विभाग के अन्य कार्मिकगणों ने भी स्वच्छता अभियान में अपना योगदान दिया।

### ग्राम घुघसीडीह में चिकित्सा शिविर का आयोजन

**भिलाई।** ग्राम घुघसीडीह में चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। घुघसीडीह में आयोजित चिकित्सा शिविर में कुल 53 लोगों की जांच करके उनको दवाई वितरण किया गया, जिसमें 24 पुरुष, 15 महिला तथा 14 बच्चे शामिल थे। प्रात: 10 बजे से प्रारंभ हुए शिविर में सामान्य जांच, शुगर, बीपी जांच के अतिरिक्त नि:शुल्क दवाएं भी प्रदान की गई। इस शिविर में सीएसआर मेडिकल टीम से चिकित्सक डॉ निशि मिंज एवं भिलाई इस्पात कल्याण चिकित्सालय के स्टाफ उपस्थित थे। भिलाई इस्पात संयंत्र अपने आस-पास के परिधीय क्षेत्रों में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य की नि:शुल्क सुविधा काफी लंबे समय से उपलब्ध कराता आ रहा है। इसका उद्देश्य दूरस्थ ग्रामीण एवं वनांचल क्षेत्र में रहने वाले लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना है। भिलाई इस्पात संयंत्र के सीएसआर विभाग द्वारा सामाजिक उत्तरदायित्वों का निर्वहन करते हुए निरन्तर स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन, संयंत्र के परिधीय क्षेत्रों तथा खनि नगरियों में किया जा रहा है।

### कंटेंट क्रिएशन फॉर स्वयं कोर्सेस विषय पर दो दिवसीय हुई कार्यशाला

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानन्द तकनीकी विश्वविद्यालय, भिलाई में बुधवार को स्वयं पाठ्यक्रमों (स्वयं कोर्सेस) के लिए कंटेंट क्रिएशन फॉर स्वयं कोर्सेस विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ हुआ! कार्यशाला की शुरुआत सभी प्रतिभागियों के गर्मजोशी से स्वागत के साथ हुई, जिसके बाद विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति में उद्घाटन समारोह हुआ। इस कार्यशाला में प्राध्यापकों एवं विषय विशेषज्ञों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखी गई। कार्यशाला का उद्देश्य स्वयं पाठ्यक्रमों के लिए गुणवत्तापूर्ण सामग्री तैयार करने में शिक्षकों की क्षमता को बढ़ाना है, जिससे सम्बंधित विषय के क्षेत्र में सम्मानित वक्ताओं द्वारा आयोजित व्यावहारिक सत्र शामिल थे। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू), नई दिल्ली में सह प्राध्यापक डॉ. शिखा राय ने कोर्स मटेरियल डिज़ाइन एवं वीडियो लेक्चर के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान की! कार्यशाला के दूसरे सत्र में राणा प्रताप, अग्रणी शैक्षिक समाधान प्रदाता, सौर्या एडुनेक्स्ट ने भी प्रभावी सामग्री विकास के लिए व्यावहारिक दृष्टिकोण और उपकरणों पर ध्यान केंद्रित करने वाले विषयों के साथ प्रतिभागियों के प्रश्नों का जवाब कार्यशाला में दिया।

# इलेक्टोरल बांड चुनाव में कालेधन को रोकने का माध्यम - डिप्टी सीएम अरुण साव

## विष्णुदेव साय सरकार के 100 दिनों का कार्यकाल पूर्ण होने पर डिप्टी सीएम साव ने गिनवाई उपलब्धियां

श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने गुरुवार को 100 दिनों का कार्यकाल पूर्ण किया। इस अवसर पर जिला भाजपा कार्यालय पहुंचे उप मुख्यमंत्री अरुण साव द्वारा राज्य सरकार के 100 दिनों के कामकाज का लेखाजोखा पेश किया गया। इसे उपलब्धियों से भरा बताते हुए श्री साव ने कहा कि राज्य सरकार के कार्यों से छत्तीसगढ़वासियों में नई उम्मीदें और विश्वास जगा है। मोदी की सभी बड़ी गारंटी पूरी कर दी गई है। अल्प समय के कार्यकाल में देश के किसी भी राज्य सरकार ने ऐसी उपलब्धि हासिल नहीं की है।



जिससे छत्तीसगढ़ तेजी से विकास की दिशा में आगे बढ़ रहा है। उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने मीडिया से चर्चा में राज्य सरकार की उपलब्धियां गिनवाते हुए कहा कि राज्य की भाजपा सरकार ने 13 दिसंबर को शपथ ग्रहण की थी और 14 दिसंबर से ही मोदी की गारंटी को पूरा करने का कार्य शुरु कर दिया था। 18 लाख आवासहीन परिवारों को आवास देने पहली केबिनेट में ही मुहर लगाई गई। जिसके लिए कुल 12,168 करोड़ रूपए का बजट में प्रावधान किया गया है। इसके अलावा प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को आवास निर्माण के लिए नि:शुल्क रेत भी उपलब्ध कराई जाएगी। दो वर्षों के धान खरीदी की बकाया बोनस राशि 3716 करोड़ रूपए किसानों के बैंक खातों में डाले गए। महतारी वंदन योजना के तहत लगभग 655 करोड़ रूपए सीधे महिलाओं के बैंक खातों में अंतरित की गई है। हर वर्ष उन्हें 12 हजार रुपए दिए जाएँगे। कृषक उन्नति योजना के माध्यम से वादे के अनुसार किसानों से समर्थन मूल्य पर खरीदे गए धान में 19,257 रुपए प्रति एकड़ आदान सहायता राशि दी गई है। तेन्दूपता संग्राहकों के पारिश्रमिक दर को 4000 रुपए प्रति मानक से बढ़ाकर 5500 रूपए प्रति मानक बोरा दिए जाने की शुरुआत कोण्डागांव जिले से कर दी गई है। तेंदूपत्ता संग्राहक परिवारों के लिए चरण पादुका योजना फिर से शुरू की जाएगी।

साव ने बताया कि शासकीय भर्तियों में पारदर्शिता सुनिश्चित करने यूपीएससी की तर्ज पर परीक्षा प्रणाली लागू करने का निर्णय लिया गया है। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की राज्य सेवा परीक्षा-2021 के संबंध में प्राप्त शिकायतों की विस्तृत जाँच हेतु केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो को प्रकरण प्रेषित कर दिए गए है। श्री रामलला दर्शन (अयोध्या धाम) योजना लागू कर लोगों को अयोध्या धाम का दर्शन करवाया जा रहा है। शासकीय नौकरियों में स्थानीय निवासियों को निर्धारित अधिकतम आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट की अवधि को 5 साल के लिए बढ़ाया गया है। लोकतंत्र सेनानियों की सम्मान निधि को फिर से प्रारंभ करने और बकाया राशि 01 नवम्बर 2024 को प्रदान करने का फैसला लिया गया है। घरेलू उपभोक्ताओं को प्रति माह 400 यूनिट तक की विद्युत खपत पर आधे दाम पर बिजली देने के लिए बजट में 1 हजार 274 करोड़ रुपए का प्रावधान किए गए है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 लागू करने का निर्णय लिया गया है। दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर योजना के तहत भूमिहीन परिवारों को प्रतिवर्ष 10,000 रुपए की आर्थिक सहायता दी जाएगी। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के साथ ही शहीद वीर नारायण सिंह स्वास्थ्य योजना संचालित होगी। खनिज विभाग में ऑनलाईन परमिट एवं स्वीकृति प्रणाली लागू की गई है। इसके अलावा नक्सल क्षेत्र में नियद नेल्लानार योजना के तहत विकास कार्यों की शुरुआत, राज्य के 5 शक्तिपीठों के विकास की योजना ,राज्य के प्रमुख शहरों में स्थापित राज्य के दो बड़े मेडिकल कॉलेज अस्पतालों, डॉ भीमराव अंबेडकर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रायपुर और छत्तीसगढ़ इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस बिलासपुर (सिम्स) में भवन के विस्तार और सुविधाओं के विकास, ग्रामीण घरों को नल से जल आपूर्ति,मंडी शुल्क में 2 प्रतिशत कमी के लिए बजट में प्रावधान किए गए है। देश में चर्चित इलेक्टोरल बांड मुद्दे पर एक सवाल के जवाब में उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि यह बांड चुनाव में कालेधन को रोकने का माध्यम है। इसे लेकर कांग्रेस द्वारा घोटाले का आरोप लगाना बेबुनियाद है। कांग्रेस के आला नेता पहले यह बताएं कि उन्हें 16 सौ करोड़ रुपए कहां से मिले। फिर वे इलेक्टोरल बांड को लेकर भाजपा से जवाब मांगे। इलेक्टोरल बांड मामले को सुप्रीम कोर्ट ने संज्ञान में लिया है। जिस पर अभी फैसला लंबित है। श्री साव ने कहा कि लोकसभा चुनाव में कांग्रेस में सिरफुट्टव्वल की स्थिति है। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस ने 5 वर्षों में कुछ भी नहीं किया है। कांग्रेस का जनाधार खत्म हो चुका है। इसलिए कांग्रेस चुनाव में प्रत्याशी घोषित करने में लेटलतीफी कर रही है।

# त्यौहारों में सामाजिक सौहार्द्र बना रहे यह सुनिश्चत करें - अपर कलेक्टर

श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग। जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में अपर कलेक्टर अरविंद एक्का की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में होली पर्व को सुरक्षित और शांतिपूर्वक मनाए जाने का सर्वसम्मत निर्णय लिया गया। अपर कलेक्टर एक्का ने कहा कि आगामी होली त्यौहार एवं अन्य त्यौहारों में जिले में सामाजिक सौहार्द बना रहे यह सुनिश्चित करें। आगामी त्यौहारों में कानून व्यवस्था बनाए रखना है। उन्होंने शांति समिति के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि आप सभी के योगदान से जिले में सामाजिक सौहार्द, आपसी प्रेम एवं भाईचारा की गौरवशाली परंपरा रही है।



हमें इस परंपरा को आगे भी कायम रखना है। उन्होंने सभी को होली की शुभकामनाएं देते हुए बैठक में लिए गए निर्णय का पालन कराने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी त्यौहारों और पर्वो को एक दूसरे की भावनाओं का सम्मान करते हुए मनाये जाने का आग्रह किया और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए सहयोग प्रदान करने पर बल दिया। होली को देखते हुए महत्वपूर्ण स्थानों पर फायर ब्रिगेड वाहन की व्यवस्था, विद्युत उपकरण तार, ट्रांसफार्मर होलिका दहन के पास न हो यह सुनिश्चित करने, स्ट्रीट लाईट एवं सार्वजनिक संपत्तियों को नुकसान पहुंचाने वालों के विरूद्ध पुलिस को कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। बैठक में चिकित्सा विभाग को होली पर्व के दौरान प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में डाक्टर की उपस्थिति, एंबुलेंस की व्यवस्था के साथ डाक्टर एवं स्टाफ की भी ड्यूटी के निर्देश हैं। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा ने कहा कि शराब पीकर वाहन चलाने वाले, वाहनों में सामान्य हार्न की बजाय भद्दी और डरावनी हार्न लगाने वाले, लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाने वाले, तीन सवारी तथा सड़कों पर फर्राटे भरने वालों के विरूद्ध पुलिस विभाग द्वारा कड़ी कार्यवाही की जाएगी। होली के अवसर पर पुलिस की लगातार पेट्रोलिंग चलेगी। बैठक में डिप्टी कलेक्टर मुकेश रावटे, दीपक निकुंज, महेश राजपुत, लवकेश ध्रुव, नगर निगम दुर्ग आयुक्त लोकेश चंद्राकर,एएसपी सुखनंदन राठौर, डीएसपीसतीश ठाकुर सहित समिति के सदस्य एवं जिला प्रशासन के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### एफएसटी, एसएसटी दल पूरी पारदर्शिता के साथ कार्य करें - संयुक्त कलेक्टर

जिला कलेक्टोरेट सभाकक्ष में विधानसभा क्षेत्र 66 वैशालीनगर के फ्लाईंग स्काड दल (एफएसटी), स्थैतिक निगरानी दल (एसएसटी) और वीएसटी दल की बैठक संयुक्त कलेक्टर हरवंश मिरी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। उन्होंने कहा कि लोकसभा निर्वाचन प्रकिया के दौरान निर्वाचन-क्षेत्रों में अत्यधिक प्रचार खर्चों, रिश्वत मदों का नगद या वस्तु रूप में वितरण, अवैध शस्त्रों, शराब या असामाजिक तत्वों आदि के आवाजाही पर नजर रखने के लिए गठित दल पूरी पारदर्शिता के साथ कार्य करें। कहीं भी शिकायत मिलने पर बिना किसी दबाव में निष्पक्षता के साथ कार्रवाई करें। उन्होंने एफएसटी और एसएसटी दलों को कार्यस्थल पर आने और जाने का समय को रजिस्टर में नियमित एंट्री भी करने कहा। उन्होंने अपने क्षेत्र में भारी मात्रा में लाए जाने वाले नगदी, अवैध शराब, कोई संदेहास्पद वस्तु या शस्त्रों इत्यादि की आवाजाही पर कड़ी निगरानी रखें। साथ ही संदेहास्पद वस्तुओं की वीडियोग्राफी कराते हुए नियमानुसार कार्यवाही करें। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर श्री लवकेश ध्रुव सहित संबंधित अधिकारी एफएसटी, एसएसटी एवं वीएसटी के सभी सदस्यगण उपस्थित थे।

### मतदान केन्द्रों में सुविधाएं उपलब्ध कराने अधिकारियों को सौंपी गई जिम्मेदारियां

दुर्ग। लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में मतदान केन्द्रों में सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु अधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गई है। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी बी.के. दुबे ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ द्वारा मतदान केन्द्रों में सुनिश्चित न्यूनतम सुविधाएं उपलब्ध कराने विस्तृत दिशा-निर्देश का हवाला देते हुए जिले के अधिकारियों को विभागवार कार्य निर्धारित किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दिव्यांग, वृद्धजन एवं नि:शक्त मतदाताओं हेतु प्रत्येक मतदान केन्द्र पर अच्छी हालत की पर्याप्त संख्या में व्हील चेयर की उपलब्धता हेतु उप संचालक समाज कल्याण विभाग को। दिव्यांग मतदाताओं की सुविधा हेतु प्रत्येक मतदान केन्द्र भूतल पर और मतदान केन्द्र भवन तक पहुंचने के लिए अच्छी स्थिति में पहुंच योग्य सड़क हेतु सभी नगर निगम के आयुक्त, सभी नगर पालिका एवं नगर पंचायत के मुख्य नगर पालिका अधिकारी और सभी जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को दायित्व सौंपी गई है। इसी प्रकार मतदान केन्द्र पर सुनिश्चित न्यूनतम सुविधाएं जैसे पीने का पानी, प्रतिक्षा शेड, पानी की सुविधा के साथ दिव्यांग मतदाताओं के अनुकूल शौचालय, प्रकाश की पर्याप्त व्यवस्था, कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी सेवा व कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग को दायित्व सौंपी गई है।

# डॉ अक्षिता सिंह को मिला एमबीबीएस में गोल्ड मेडल

## इस्पात नगरी को किया गौरवान्वित





श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। इस्पात नगरी भिलाई की लाडली तालपुरी निवासी डॉ अक्षिता सिंह ने एमबीबीएस पाठ्यक्रम सफलतापूर्वक पूरा करते हुए चार विषयों में गोल्ड मेडल प्राप्त कर शहर को गौरवान्वित किया है डॉ अक्षिता सिंह अधिवक्ता असीम सिंह व श्रीमती सारिका सिंह की पुत्री हैं।

डॉ अक्षिता सिंह की स्कूली पढ़ाई टाउनशिप के स्कूल में हुई वर्तमान में वे एमबीबीएस पाठ्यक्रम के लिए 2018 में स्वर्गीय बलिराम कश्यप मेमोरियल शासकीय मेडिकल कॉलेज जगदलपुर में एमबीबीएस में दाखिला लेकर पाठ्यक्रम सफ्लतापूर्वक पूरा किया। डॉ अक्षिता सिंह ने बायो केमिस्ट्री, पैथोलॉजी, ईएनटी, कम्युनिटी मेडिसिन में गोल्ड मेडल प्राप्त कर चिकित्सा महाविद्यालय के साथ ही इस्पात नगरी का नाम भी रोशन किया है, मेडिकल कॉलेज में आयोजित दीक्षांत समारोह में विद्यालय के चिकित्सा महाविद्यालय के डीन डॉ यूं एस पैंकरा ने डॉ अक्षिता सिंह को गोल्ड मेडल प्रदान किया।

डॉ अक्षिता सिंह की इस उपलब्धि पर दुर्ग जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष नीता जैन, सचिव रविशंकर सिंह, उपाध्यक्ष प्रशांत जोशी, उमा भारती साहू, कोषाध्यक्ष अनिल जायसवाल, सहसचिव राकेश यादव, क्रीड़ा सचिव रवि शंकर मानिकपुरी, कार्यकारिणी सदस्य पंडित अजय मिश्रा, दमयंती चंद्राकर, अजय शर्मा, नितेश साहू, विक्रम पारख, शाहिद संघ के सभी पदाधिकारी एवं वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

## रैली के अंत में स्वीप के नोडल अधिकारी ने दिलाया शपथ

# मतदाता जागरूकता के लिए वाहन रैली

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देश पर स्वीप कार्यक्रम के तहत वाहन रैली निकालकर 7 मई को आगामी लोकसभा चुनाव में शत् प्रतिशत मतदान करने के लिए मतदाता जागरूकता अभियान चलाया और लोगो को मतदान अवश्य करने हेतु शपथ दिलाया गया।



भिलाई निगम क्षेत्र के संतोषी पारा बैकुण्ठधाम मैदान में सैकड़ो वाहन को स्वीप अक्षर के आकार में खड़ा कर जिला प्रशासन में स्वीप के नोडल अधिकारी, जिला पंचायत सी.ई.ओ., निगम भिलाई आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव, अपर कलेक्टर योगिता देवांगन, अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।

वाहन रैली नंदिनी रोड, छावनी, खुर्सीपार, पावर हाउस, सम्पूर्ण सेक्टर क्षेत्र का भ्रमण कर सेक्टर 7 स्कूल मैदान पहुँचा जहाँ वाहनो को 7 मई लिखे आकार में खड़े कर वहाँ मौजूद निगम, जिला प्रशासन, शिक्षा विभाग, राष्ट्रीय शहरी अजीविका मिशन के अधिकारी कर्मचारी, महिला कॉलेज, मेडिकल कॉलेज के युवाओ को निष्पक्ष निर्भित होकर बिना भेदभाव के मतदान करने का शपथ दिलाया।

इसके बाद वाहन रैली को नेहरू नगर मॉल रोड, सुपेला रामनगर, 18 नम्बर सड़क केम्प क्षेत्र के लिए झण्डा दिखाकर रवाना किया गया। वाहन रैली वैशालीनगर एवं भिलाईनगर विधानसभा क्षेत्र के लगभग 30 कि.मी. परिधि में फेरा लगाकर मतदाता जागरूकता के लिए 7 मई को मतदान अवश्य करने की अपील करते हुए बेनर पोस्टर से सजे वाहन रैली का समापन जी.ई.रोड साक्षरता चौक में किया गया।

रैली में स्वीप के सहायक नोडल अधिकारी डॉ. पुष्पा पुरूषोत्तम, अमीत घोष, संजय बागड़े, अमिताभ शर्मा, येशा लहरे, सुनील चौधरी, दिप्ती साहू, हिमांशु देशमुख, अजय गौर, विनीता वर्मा, स्वेता वर्मा, धर्मेन्द्र, मिश्रा, श्रीनिवास राव, अजय शुक्ला, रीता चतुर्वेदी, पुरूषोत्तम साहू, शशि भूषण मोहंती, जयकुमार जैन, अनिल मेश्राम, अनिल मिश्रा, व्ही.के.समुवल, अमन पटले, एकता शर्मा, तनवरी अकील सहित कॉलेज के शिक्षक शिक्षिका युवा छात्र एवं समाज सेवी संगठन के लोग शामिल रहे।

# यूआरएम एवं आरएसएम कर्मचारियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मिली सराहना

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र हमेशा से अपने कर्मचारियों के उनके कार्यों के प्रति ईमानदारी और उनके द्वारा किये गए अनुकरणीय प्रयासों को मान्यता देता रहा है और इसके लिए उन्हें समय-समय पर सम्मानित करता रहा है। ऐसे असधारण कार्य के लिए कर्मचारियों को सराहना, प्रशस्ति पत्र व विभिन्न पुरस्कार भी प्रदान किये जाते हैं। संयंत्र के कर्मचारियों को इस तरह के पुरस्कारों से सम्मानित करने का मुख्य उद्देश्य, सुरक्षा के मानक मापदंडों का पालन करते हुए संगठनात्मक उद्देश्यों को पूर्ति करके कार्यस्थल पर उनके द्वारा प्रदर्शित ईमानदार प्रयासों, अनुकरणीय प्रदर्शन और अथक परिश्रम की पहचान कर इसके लिए उनको सम्मान देना है।

ऐसी ही एक पहल में, कर्मचारियों को किसी विशेष कार्य या शिफ्ट के दौरान उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए विभाग प्रमुख द्वारा प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया जाता है। विगत दिनों भिलाई इस्पात संयंत्र के मुख्य महाप्रबंधक अनीश सेनगुप्ता ने अपने कर्मचारियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रशंसा पत्र के साथ सम्मानित किया।

सेनगुप्ता ने संबंधित कर्मचारियों की सराहना करते हुए प्रशस्ति पत्रों में यह उल्लेख किया कि, मैं आपके द्वारा किए गए अच्छे काम की सराहना करता हूं। मुझे आशा है, कि आप भविष्य में भी अपने ईमानदार प्रयास जारी रखेंगे और दूसरों के बीच उत्कृष्टता की संस्कृति का प्रसार करेंगे। उल्लेखनीय है कि अनीश सेनगुप्ता ने, ओसीटी (यूआरएम) सुश्री संज्योती तिर्की और ओसीटी (यूआरएम) किशोर सिंह दोनों को निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने में उनके सराहनीय कार्य व प्रदर्शन से शॉप्स को अब तक की सर्वोच्च उपलब्धि प्राप्त होने पर उन्हें, 19 फरवरी और 12 मार्च 2024 को लगातार दो बार सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें, उनके सतत् निरीक्षण से ए-शिफ्ट में प्रति घंटा फर्नेस ब्लूम डिस्चार्जिंग की दर से 23 ब्लूम डिस्चार्जिंग के उच्चतम स्तर को प्राप्त करने हेतु दिया गया।

एसीटी शिवराम यादव, एसीटी किशोर बाबू को यूआरएम फिनिशिंग क्षेत्र के भूमिगत केबल सुरंगों के अंदर अतिरिक्त सुरक्षा के लिए प्लेटफॉर्म वॉकवे के निर्माण और स्थापना में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए यह सम्मान प्राप्त हुआ। इससे नियमित निरीक्षण के कार्य में आसानी होगी और कार्य सुचारू रूप से किया जा सकेगा। महेंद्र कुमार गुलाटी को रिले के निवारक शेड्यूल प्रतिस्थापन की योजना बनाने और डिजिटल आउटपुट रिले में डिस्चार्ज कैपेसिटर के तकनीकी समाधान पता लगाने हेतु ये प्रसस्ति पत्र प्रदान किया गया।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950